जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 162 प्रभात जालोर, मंगलवार 17 सितम्बर, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



*गुजरात के गांधी नगर में आयोजित चौथे ग्लोबल रिन्युएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल को अवॉर्ड प्रदान किया गया। रिन्युएबल एनर्जी के कुल उत्पादन में राजस्थान को देश भर में दूसरा स्थान मिला है।*

# राजस्थान सौर ऊर्जा उत्पादन में देश भर में पहले स्थान पर

## गुजरात के गांधी नगर में आयोजित चौथे ग्लोबल रिन्युएबल एनर्जी इन्वैस्टर्स मीट में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल को अवॉर्ड प्रदान किया गया

- **रिन्युएबल एनर्जी के कुल उत्पादन में राजस्थान को देश भर में दूसरा स्थान मिला है।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, राजस्थान का भड़ला सोलर पार्क 2,245 मेगावाट क्षमता के साथ दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क है और हमारी सरकार रिन्युएबल एनर्जी में उत्पादन बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है।**
- **कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया, जिसमें गुजरात, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा के मुख्यमंत्री व केन्द्रीय रिन्युएबल एनर्जी मंत्री प्रहलाद जोशी भी मौजूद थे।**

जयपुर, 16 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊर्जा निवेश बैठक और एक्सपो (री-इन्वेस्ट 2024) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोतों से 200 गीगावाट क्षमता के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए राजस्थान को समारोह में सम्मानित किया गया। राज्य ने कुल सोलर ऊर्जा क्षमता श्रेणी में सर्वोच्च उपलब्धि हासिल करते हुए देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता की श्रेणी में राजस्थान द्वितीय स्थान पर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी के हाथों से यह पुरस्कार ग्रहण किए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज राजस्थान भारत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में पहले स्थान पर है। यहां का भड़ला सोलर पार्क 2 हजार 245 मेगावाट स्थापित सोलर क्षमता के साथ दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क है। अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेशकों के लिए प्रदेश में अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में 28 गीगावाट अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं से लगभग 470 करोड़ यूनिट बिजली उत्पादित हो रही है और 32 गीगावाट की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। साथ ही, राज्य में 142 गीगावाट सौर ऊर्जा और 284 गीगावाट पवन ऊर्जा के उत्पादन की संभावनाएं हैं। हम वर्ष 2031-32 तक 115 गीगावाट सौर एवं पवन ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार बिजली क्षेत्र में सुधारों के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। हमने ''विकसित राजस्थान 2047'' के संकल्प को पूरा करने के लिए अगले 10 वर्षों में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत राजस्थान के सभी जिलों में आदर्श सौर ग्राम विकसित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि वैश्विक सहयोग, तकनीक, अनुसंधान, प्रशिक्षण और निवेश की सहायता से प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस दिशा में राज्य सरकार 9 से 11 दिसंबर तक जयपुर में ''राइज़िंग राजस्थान'' इन्वेस्टमैंट समिट का आयोजन करने जा रही है, जिससे ऊर्जा क्षेत्र में निवेश आएगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान में विगत 9 महीनों में बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ 1 लाख 64 हजार करोड़ रुपये के एम.ओ.यू. किए हैं। साथ ही, केन्द्र सरकार ने राज्य में 5 हजार 292 मेगावाट क्षमता के तीन अल्ट्रा मेगा अक्षय ऊर्जा पार्क भी स्वीकृत किए हैं।

कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी, केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपद येस्सो नाइक सहित विभिन्न देशों एवं राज्यों के प्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# ममता बनर्जी आंदोलनकारी डॉक्टरों से दिन में पांच बार मिलीं

## मु.मंत्री पूर्णतया प्रयासरत हैं, डॉक्टर अपना आंदोलन वापस ले लें

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **बंगाल की आँखें अब सुप्रीम कोर्ट पर फोकस्ड हैं, जहाँ, आज, 17 सितम्बर को डॉक्टरों के आंदोलन व जूनियर डॉक्टर ने ''रेप'' व हत्या के मामले की सुनवायी होगी।**
- **डॉक्टरों ने अपना वकील भी बदल दिया है। अब जानी-मानी अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह आंदोलनकारी डॉक्टरों का पक्ष रखेंगी। पहले, डॉक्टरों की वकील गीता लूथरा थीं, जो सरकार के वकील कपिल सिब्बल की तुलना में काफी जूनियर थीं।**
- **बहरहाल, सी.बी.आई. ने उस थाने के ऑफिसर इंजार्च व दो कनिष्ठ पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया है।**
- **जनता को डर है कि छोटे-मोटे पुलिस अधिकारी की गिरफ्तारी करके खानापूर्ति न हो जाये और असली गुनहगार, उच्चाधिकारी, चुपचाप ''निर्दोष'' निकल न जायें।**

नई दिल्ली, 16 सितम्बर। एक प्रशिशु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले से निपटने के राज्य सरकार के तरीके के खिलाफ बंगाल एक सामूहिक व संयुक्त विरोध का सामना कर रहा है।

बंगाल एक तरह की सामाजिक क्रांति के दौर से गुजर रहा है। कुछ युवाओं, मैडिकल छात्रों व ट्रेनी डॉक्टर्स का यह आंदोलन पूरे राज्य का ध्यान खींच रहा है।

ट्रेनी डॉक्टर का दुष्कर्म और हत्या अस्पताल परिसर में हुई तथा उस लड़की के साथ हुए जघन्य अपराध के खिलाफ न्याय की मांग के लिए आंदोलन शुरु हुआ। राज्य भर के परिवार, जिनके घरों में बेटी हैं, इस आंदोलन से जुड़ रहे हैं। एक अस्सी वर्षीय महिला तो आंदोलनरत डॉक्टर्स को भोजन देने के लिए आई थी।

यह बात सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को परेशान कर रही है जो आंदोलनरत छात्रों से आंदोलन में पिछड़ रही है। तृणमूल इन पर बल प्रयोग भी नहीं कर सकती है, जैसा राजनैतिक दलों के उन कार्यकताओं के साथ किया था, जिन्होंने जघन्य हत्या के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत की थी।

राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी डॉक्टर्स को आंदोलन वापस लेने के लिए मनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। खबर लिखे जाने तक मुख्यमंत्री का जूनियर डॉक्टर्स के साथ वार्ता का पांचवां दौर चल रहा था।

अब सारे आंदोलन में एक नया कोण जुड़ गया है। सभी की नज़रें मंगलवार को आने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर हैं।

राज्य सरकार पिछली बार दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दे रही है कि डॉक्टर्स को तुरंत काम पर लौट आना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टर्स को 10 सितम्बर शाम 5 बजे तक का समय दिया था काम पर लौटने के लिए।

अभी तक जूनियर डॉक्टर्स की तरफ से गीता लूथरा सुप्रीम कोर्ट में पैरवी कर रही थीं, उनका सामना कपिल सिब्बल से था। पर, 17 सितम्बर को जूनियर डॉक्टर्स की तरफ से हाई प्रोफाइल वकील इंदिरा जयसिंह पेश होंगी। अब सभी की नज़रे इस सुनवाई पर हैं।

हाल ही में जब प्रधानमंत्री सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के घर गणेश पूजा के लिए गए थे तो इंदिरा जयसिंह ने इसकी कड़ी आलोचना की थी। जयसिंह ने शक्ति प्रदर्शन की हद पार करने के लिए सी.जे.आई. और प्रधानमंत्री दोनों की आलोचना की थी।

इसी बीच सी.बी.आई. ने हत्या के मामले की हैंडलिंग को लेकर ताला पार्क पुलिस स्टेशन के ऑफिसर इंचार्ज (ओ.सी.) को गिरफ्तार कर लिया।

सी.बी.आई. ने इन शिकायतों पर ध्यान दिया है कि ओ.सी. अपराध की जगह पर देर से आए, उन्होंने जनरल डायरी में लिखा, प्रशिक्षु डॉक्टर जीवित थी। कई अन्य गड़बड़ियों को भी सी.बी.आई. ने नोट किया।

पुलिस अधिकारी कह रहे हैं कि ओ.सी. व अन्य निचले दर्जे के पुलिस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एक बार फिर ट्रम्प को जान से मारने की कोशिश

नयी दिल्ली, 16 सितंबर। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले एक बार फिर पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को जान से मारने की कोशिश की गई है। रविवार को फ्लोरिडा में उनको जान से मारने का प्रयास किया गया जिसमें वो बाल-बाल बच गए। इस पूरे मामले में 58 वर्षीय एक संदिग्ध को सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने गिरफ्तार कर लिया है। एफ.बी.आई. के मुताबिक घटनास्थल से एक एके-47 शैली की राइफल भी बरामद की गई है, जिसमें एक स्कोप और एक गो प्रो कैमरा लगा हुआ था। कुछ सप्ताह पहले भी ट्रंप पर जानलेवा हमला हुआ था। पेनसिल्वेनिया में हुए हमले के दौरान संदिग्ध को मौके पर ही मार गिराया गया था। इस दौरान गोली ट्रंप के कान को छूते हुए निकल गई थी।

- **सीक्रेट सर्विस के एजेन्ट्स ने एक संदिग्ध को राइफल समेत गिरफ्तार किया।**

ट्रंप पर हमले की कोशिश उस वक्त की गई जब वो गोल्फ खेल रहे थे। जब ट्रंप गोल्फ ग्राउंड पर थे तो वहां से कुछ दूरी पर छिपकर बैठे ''अमेरिकी सीक्रेट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तमिलनाडु के मु.मंत्री स्टालिन प्र.मंत्री मोदी से मिलने की कोशिश में जुटे

## स्टालिन ज्यादा स्वायत्तता व संघवाद के संरक्षण के मुद्दे पर प्र.मंत्री से चर्चा करना चाहते हैं

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **स्टालिन जो प्रमुख मुद्दे उठाएंगे, उसमें प्रमुख है नैशनल एजुकेशन पॉलिसी। स्टालिन का कहना है कि मौजूदा शिक्षा नीति तमिल भाषा व संस्कृति के लिए खतरा है।**
- **स्टालिन मैट्रो प्रोजैक्ट के लिए केन्द्र से सहायता की गुजारिश भी करेंगे। राज्य सरकार इस प्रोजैक्ट पर 18,000 करोड़ रूपए खर्च कर चुकी है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्य सरकार के दावे का खंडन किया व कहा कि केन्द्र ने 21,000 करोड़ रूपए दिए थे, पर, राज्य सरकार सिर्फ 5,880 करोड़ रूपए ही खर्च कर पाई है।**

नई दिल्ली, 16 सितम्बर। अनदेखे रह कर काम करने वाले और तथाकथित राष्ट्रीय मीडिया के राडार मे नीचे उड़ान भरते रहने वाले, तमिलनाडु के मुख्यमन्त्री एम.के.स्टालिन चुपचाप किन्तु उस समय दृढ़तापूर्वक संघवाद को प्रचारित-प्रसारित जरूर करते हैं, जब राज्य सरकारों के अधिकार-क्षेत्र की बात आती है। इस बात की प्रबल संभावना है कि वे जल्दी ही प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी से मिलेंगे तथा राज्यों को और अधिक स्वायत्तता देने के लिये उन पर दबाव डालेंगे। प्रधानमंत्री के साथ सम्भावित मीटिंग में, वे इस बात के लिए भी दबाव डाल सकते हैं कि राज्यों को शिक्षा तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण सम्बन्धी गतिविधियों के बारे में और अधिक अधिकार दिए जायें।

स्टालिन प्रधानमंत्री के साथ जल्दी से जल्दी मीटिंग करने की कोशिश मे बताये जाते हैं, ताकि वे उनके साथ दो प्रमुख नीतिगत मुद्दों पर चर्चा कर सकें। पहला मुद्दा है राष्ट्रीय शिक्षा नीति, जिसे लेकर राज्य को आपत्ति है, क्योंकि तमिलनाडु को आशंका है कि इससे शिक्षा के मामले में राज्य की स्वायत्तता खतरे में पड़ जायेगी। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एन.ई.पी.) में समान शैक्षिक ढ़ाँचे को लाया गया है, जिसे लेकर कई राज्य, खासतौर से तमिलनाडु, यह महसूस कर रहे हैं कि एन.ई.पी. उनकी क्षेत्रीय पहचान तथा भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता की जड़े काटेगी। दरअसल, केन्द्र ने त्रिभाषा सूत्र – हिन्दी, अंग्रेजी तथा राज्य की स्थानीय भाषा- पर जोर दिया है। लेकिन तमिलनाडु ने स्कूलों में दो भाषा व्यवस्था – अंग्रेजी और तमिल को अपना रखा है। यही व्यवस्था पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के शासनकाल में थीं इस तथ्य से यह बात

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजू ठेहट हत्याकांड में नाबालिग को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी

जयपुर, 16 सितंबर। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश के चर्चित राजू ठेहट हत्याकांड के एक नाबालिग को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस ए.एस. ओका और जस्टिस ए.जी. मसीह की खंडपीठ ने यह आदेश नाबालिग की आपराधिक याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने कहा अपीलार्थी

- **सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश करने की हिदायत दी और कहा कि बोर्ड का जमानत आदेश जारी करे।**

नाबालिग को तत्काल किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाए और बोर्ड जमानत आदेश जारी करे।

अपील में अधिवक्ता अभिसार भानू सिंह ने अदालत को बताया कि मामले में अपीलार्थी से किसी तरह की बरामदगी नहीं हुई है। इसके अलावा प्रकरण में आरोप पत्र भी पेश हो चुका है। उस पर आरोप है कि वह हत्याकांड में शामिल आरोपियों को मोबाइल, वाहन और हथियार उपलब्ध कराने से जुड़ा था। जबकि इस बात को कोई साक्ष्य अभियोजन पक्ष के पास नहीं है। केवल कॉल रिकॉर्ड के आधार पर अपीलार्थी को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक में कई अभिनेत्रियों ने यौन शोषण की शिकायत की

## फिल्म उद्योग ने कर्नाटक सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **कन्नड़ फिल्म उद्योग के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश सरकार से मुलाकात की और एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने की मांग की, जो फिल्म उद्योग में महिला सुरक्षा का माहौल बनाने के लिए दिशा निर्देश देगी।**
- **इससे पहले मलयालम फिल्म उद्योग में हेमा कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद यौन शोषण की घटनाओं की रोकथाम के लिए कमेटी बनाने की मांग उठी थी और तमिलनाडु से भी ऐसी ही बातें सामने आ रही हैं।**

नई दिल्ली, 16 सितम्बर। कर्नाटक फिल्म उद्योग ने भी उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में एक ऐसी कमेटी गठित करने की माँग की है, जो इस उद्योग के कामकाज की मॉनिटरिंग करे तथा महिला कलाकारों के लिये कार्य करने का एक अच्छा एवं विवेकपूर्ण माहौल पैदा करने के लिये सख्त कार्यवाही कर सके। वस्तुतः शीर्ष अभिनेताओं और अभिनेत्रियों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया से मिला और उनके समक्ष अपनी यह माँग रखी कि उच्च या सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की जाये, जो यौन-उत्पीड़न की शिकायतों की जाँच करे तथा ऐसे यौन-दुर्व्यवहार के केसों के खिलाफ की जाने वाली कार्यवाही की गाइडलाइन भी तैयार करे।

हालाँकि, सरकार ने अभी ऐसा कोई वादा नहीं किया है, लेकिन जब से हेमा आयोग की रिपोर्ट में मलयालम फिल्म उद्योग की स्थिति का विस्तृत ब्यौरा दिया है, तभी से इस मनोरंजन उद्योग में यौन-उत्पीड़न के खिलाफ स्वर मुखर होने लगे हैं।

बहुत सारी फिल्म अभिनेत्रियाँ फिल्म उद्योग में हुये अपने यौन-उत्पीड़न की कहानियाँ बताने के लिये अब आगे आने लगी हैं तथा तमिलनाडु में भी जानी-मानी अभिनेत्रियों ने भी अब इस संबंध में विधिवत शिकायतें दर्ज कराई हैं।

कर्नाटक फिल्म संगठन ने यह मांग भी की कि उक्त कमेटी तीन माह में रिपोर्ट व सुझाव दे। ज्यादा से ज्यादा अभिनेता-अभिनेत्रियाँ इण्डस्ट्री को स्वच्छ करने की माँग कर रहे है, इसलिए इस कमेटी को बनाए जाने का आग्रह जोर पकड़ रहा है।

हालाँकि, सरकार ने अभी इस पर कोई ठोस वादा नहीं किया है ना ही कोई निर्णय प्रक्रिया शुरु हुई है, पर सूत्रों ने बताया कि सरकार इस प्रार्थना पर विचार कर रही है और इसे स्वीकार कर सकते है। इस बैठक में कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी भी मौजूद थी। सभी की मांग थी कि कार्य स्थल पर यौन शोषण रोकने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मोदी सरकार ही कश्मीर में शांति ला सकती है'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 सितम्बर। गृहमंत्री अमित शाह का दावा है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केवल भाजपा ही जम्मू-कश्मीर में शांति सुनिश्चित कर सकती है सोमवार को नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन

- **केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किश्तवाड़ की जनसभा में दावा किया। ज्ञातव्य है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन था।**

जे.एण्ड के. के किश्तवाड में आयोजित एक जनसभा में आयोजित एक जनसभा में शाह ने यह दावा किया चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उन्होंने जम्मू-कश्मीर में तीन जनसभाएं कीं। दो उन्होंने अन्य जनसभाएं गुलमर्ग के छतरगर्क स्टेडियम तथा रामबन विधानसभा क्षेत्र के चन्दरकोट कस्बे में सम्बोधित कीं।

कांग्रेस के इस दावे को खारिज करते हुए, कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिनों में कोई उन्नति नहीं हुई है, गृहमन्त्री अमित शाह ने कहा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**घृणा और प्रेम दोनों अंधे होते हैं। –कहावत**

# इतना हंगामा क्यूं है बरपा?

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डॉक्टर डी वाई चंद्रचूड़ के आवास पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गणेश पूजा किए जाने का वीडियो जब से मीडिया में प्रसारित हुआ है, यह सार्वजनिक चर्चा और विवाद का विषय बन गया है। इस विवाद में कुछ लोग मुख्य न्यायाधीश को घसीटने से भी नहीं चूक रहे हैं।

सामान्यतः किसी भी एक व्यक्ति का दूसरे व्यक्ति के आवास पर धार्मिक समारोह में सम्मिलित होना कतई समाचार नहीं बनना चाहिए। क्योंकि, यहां प्रश्न कार्यपालिका के मुखिया प्रधानमंत्री एवं सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का है, यह विषय चर्चा में आना स्वाभाविक था। यह उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित अधिकांश प्रकरणों में सरकार एक पक्ष होता है, विशेषकर केंद्र सरकार।

भारत की न्यायपालिका के बारे में कहा जाता है कि न्यायाधीशों को सामाजिक समारोहों में जाने और लोगों से मिलने से स्वयं को अलग रखना चाहिए ताकि उनके द्वारा दिए गए निर्णय न केवल निष्पक्ष हों अपितु ऐसे दिखाई भी दें। नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के अनुसार भी न्याय केवल होना ही पर्याप्त नहीं है उसका ऐसे होते हुए दिखाई देना भी आवश्यक है ।

यह चर्चा का विषय इसलिए भी बना है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई प्रधानमंत्री सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के आवास पर गए हों। यदि प्रधानमंत्री मुख्य न्यायाधीश के आवास पर चले भी जाते और उसका कोई वीडियो नहीं बनता एवं न उसे अपने ट्विटर हैंडल से प्रधानमंत्री पोस्ट करके उसे वाइरल नहीं करते तो शायद इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता। इस लेख में हम यह समझने का प्रयास करेंगे कि यह घटना क्या वास्तव में विवादास्पद है या इस बारे में राजनैतिक दलों द्वारा अनावश्यक विवाद उत्पन्न किया जा रहा है।

यह सही है कि यह पहली बार हुआ है जब कोई प्रधानमंत्री किसी सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के आवास पर इस प्रकार गए हों। डॉक्टर मनमोहन सिंह द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश बालाकृष्णन अवश्य एक बार गए थे, किंतु वह एक ऐसा समारोह था, जिसमें अन्य कई व्यक्ति भी उपस्थित थे।

अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री ने वहां जाने की इच्छा व्यक्त की थी अथवा मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें अपने घर पर गणेश पूजा हेतु आमंत्रित किया था। मुख्य न्यायाधीश महाराष्ट्र के निवासी हैं और वहां गणेश चतुर्थी का अत्यंत महत्त्व है। अनेक परिवार अपने घर में गणपति की स्थापना करते हैं और अनन्त चतुर्दशी या उससे पूर्व गणपति की मूर्ति का विसर्जन किया जाता है।

यदि प्रधानमंत्री ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मुख्य न्यायाधीश के आवास पर जाने की पहल की थी तो, यह जानना रुचिकर होगा कि उन्होंने ऐसा क्यों किया होगा? हालांकि प्रधानमंत्री कार्यालय या मुख्य न्यायाधीश द्वारा इस बारे में कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं किया गया है, जिसके अभाव में केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है।

कुछ समय बाद महाराष्ट्र में चुनाव होने हैं। मुख्य न्यायाधीश महाराष्ट्र से हैं तो प्रधानमंत्री को यह उचित लगा कि मराठी परिधान में उनके आवास की गणेश पूजा का दृश्य सार्वजनिक रूप से प्रसारित होता है, तो उसका आगामी महाराष्ट्र चुनाव में सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आगामी कुछ दिनों में केंद्र सरकार की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण प्रकरणों में निर्णय आने की संभावना है जैसे सेबी अध्यक्ष माधवी बुच का प्रकरण, जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य देने का मामला, रॉयल्टी संबंधी मामला जिससे केंद्र सरकार का बहुत बड़ा हित जुड़ा है।

यह भी हो सकता है कि केंद्र सरकार निकट भविष्य में कोई दूरगामी प्रभाव वाले महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने जा रही हो और जिनमें सुप्रीम कोर्ट के सकारात्मक रुख की अपेक्षा हो। यह उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय में अधिकांश मामलों में केंद्र सरकार पक्षकार होती है। यह स्वाभाविक सी बात है कि यदि किसी से निजी संबंध बनते हैं तो इसका प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से आपकी सोच पर आपके द्वारा दिए जाने वाले फैसले पर चाहे अनचाहे प्रभाव होने की आशंका तो बनी ही रहती है । शायद्र इसीलिए न्यायाधीशों को अधिक घुलने-मिलने से बचने की सलाह दी जाती है। स्वयं सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1997 में जारी आचरण संहिता में भी ऐसी ही अपेक्षा की गई है। न्यायाधीशों से अपेक्षित व्यवहार के बारे में एक अंग्रेजी वाक्य कहा जाता है "Judge should work like a horse and live like a hermit" अर्थात् न्यायाधीशों को कड़ी मेहनत से अपना काम करना चाहिए और संन्यासी जैसा जीवन जीना चाहिए।

> **इस प्रकरण का एक और पक्ष है, जिस पर भी विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश नवाचारों के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री के अपने आवास पर गणेश पूजा के लिए आने और उसके दृश्यों के सार्वजनिक में कोई बुराई नहीं दिखाई दी। संभवतया, उन्हें अपने आत्मबल पर इतना विश्वास होगा कि प्रधानमंत्री के घर आने का उनके निर्णयों पर कतई प्रभाव नहीं पड़ेगा।**

न केवल प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश के आवास पर गए बल्कि उनके एवम् उनकी पत्नी साथ पूजा करते हुए उन प्रधानमंत्री का वीडियो वायरल हुआ जो साधारणतया फ्रेम में अपने अलावा किसी का आना कतई पसंद नहीं करते। मुख्य न्यायाधीश के साथ सार्वजनिक रूप से इस निकटता को बढ़ाने का संभावित कारण किसी को पता नहीं है ।

यह सब केवल अनुमान है और हो सकता है यह सब निराधार हो। सच्चाई तो आगामी दो माह में मुख्य न्यायाधीश के निर्णयों से ही पता चल पाएगी। सबकी नज़रें अब मुख्य न्यायाधीश पर रहेंगी।

डॉ चंद्रचूड़ के आवास पर प्रधानमंत्री का जाना इसलिए भी ध्यान आकर्षित करता है कि वर्तमान मुख्य न्यायाधीश की छवि बहुत ही निष्पक्ष और स्पष्ट वादी न्यायाधीश की रही है। उनके कुछ फैसले जैसे इलेक्टोरल बॉन्ड से संबंधित, दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल के बीच अधिकारों का, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का, या चंडीगढ़ मेयर के चुनाव को निरस्त करने का, मुख्य न्यायाधीश के निर्णयों से सरकार की किरकिरी हुई। डॉक्टर चंद्रचूड़ की छवि विद्वान विधि वेत्ता की भी रही है । इन्हें देश-विदेश में संबोधन करने हेतु आमंत्रित किया जाता रहा है और वे अपने विचार मीडिया पर बेबाकी से व्यक्त करते रहे हैं। इस कारण लोगों की अपेक्षाएं इनसे बहुत अधिक बन गई थीं। अपने अब तक के कार्यकाल में अपेक्षा अनुसार इन्होंने कार्य भी किया। उनके द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, चण्डीगढ़ मेयर और खनिज रॉयल्टी के प्रकरणों में केंद्र सरकार की इच्छा के विपरीत निर्णय दिए गए। अब, इस एक प्रकरण से उनकी छवि पर प्रभाव पड़ा है, चाहे इसका कारण कुछ भी रहा हो ।

यह केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है कि क्या प्रधानमंत्री ने मुख्य न्यायाधीश के आवास पर जाकर गणेश पूजा करके उन पर एक प्रकार का मानसिक दबाव बना दिया है।

पूर्व के कई उदाहरण हैं, जब मुख्य न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के कुछ समय बाद सरकार द्वारा उन्हें कोई महत्वपूर्ण पद दे दिया। रंजन गोगोई को सेवा निवृत्त होने के कुछ ही महीने बाद राज्यसभा का सदस्य बना दिया गया। इसी कारण यह अवधारणा बनी कि न्यायाधीशों द्वारा सरकार के प्रति नरम रुख रखने के प्रसाद स्वरूप उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद कोई न कोई महत्वपूर्ण पद सरकार द्वारा दे दिया जाता है।

वर्तमान मुख्य न्यायाधीश स्वयं एकाधिक बार कह चुके हैं कि न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्ति के पश्चात कुछ निश्चित अवधि तक उन्हें सरकार के अधीन कोई पद ग्रहण नहीं करना चाहिए। यह देखना दिलचस्प होगा कि 2 महीने बाद जब इनकी सेवानिवृत्ति होगी तो क्या उन्हें सरकार किसी प्रकार का प्रस्ताव देगी एवं क्या वे उसे स्वीकार करेंगे?

पाठकों को यह भी समझना होगा कि न्यायपालिका उच्चतम न्यायालय विशेषकर मुख्य न्यायाधीश की अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका है। कार्यपालिका के द्वारा बनाए कानूनों की न्यायिक समीक्षा करने का अधिकार सर्वोच्च न्यायालय को है। उसका निर्णय देश में कानून का रूप ले लेता है। सरकार में सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार द्वारा बनाए गए कानून को कई बार असंवैधानिक घोषित करते हुए निरस्त किया है। इसी कारण इनसे यह अपेक्षा की गई कि, वे कार्यपालिका से निकटता नहीं बढ़ाएंगे एवं एक दूरी बनाए रखेंगे, ताकि वे बिना किसी संकोच के निष्पक्षता के साथ कानून एवं संविधान के अनुसार निर्णय दे सकें।

सरकार से संबंधित सभी प्रकरणों की सुनवाई करने वाली पीठ में आवश्यक नहीं है कि मुख्य न्यायाधीश बैठें। यह बात सही भी है, किंतु कौन सा प्रकरण किस पीठ द्वारा सुना जाएगा, इसका निर्णय 'मास्टर ऑफ रोस्टर' होने के नाते मुख्य न्यायाधीश का है। यह सर्व विदित है कि विभिन्न न्यायाधीशों का रुख अलग होता है। यदि मुख्य न्यायाधीश का रुख सरकार के प्रति उदार हो तो वह महत्वपूर्ण प्रकरण, ऐसे न्यायाधीशों की पीठ को सौंप सकता है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण अधिकार मुख्य न्यायाधीश के पास है। इसी से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों ने कुछ वर्षों पहले एक संवाददाता सम्मेलन करके तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश के विरुद्ध आरोप लगाए थे। इनमें न्यायाधीश रंजन गोगोई भी सम्मिलित थे जो बाद में मुख्य न्यायाधीश बने और सेवा निवृत्ति के बाद राज्यसभा के सदस्य बने।

प्रधानमंत्री द्वारा मुख्य न्यायाधीश के घर पर जाने एवं इसके दृश्य मीडिया के द्वारा प्रसारित करने पर सांसद संजय राउत ने तो यहां तक कह दिया है कि महाराष्ट्र के दलबदल संबंधित प्रकरण से मुख्य न्यायाधीश को स्वयं को अलग कर लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के कुछ वरिष्ठ वकीलों ने तो मुख्य न्यायाधीश के त्यागपत्र तक की मांग कर ली है। कुल मिलाकर मुख्य न्यायाधीश की स्थिति अटपटी सी हो गई है। मुख्य न्यायाधीश इस पूरी घटना के संबंध में कोई स्पष्टीकरण जारी करें तो शायद इस विवाद पर विराम लग सकता है। अभी मुख्य न्यायाधीश के कार्यकाल के लगभग 55 दिन शेष हैं । प्रत्येक दिन, उनके द्वारा दिए गए निर्णय एवम टिप्पणियों पर देश के नागरिकों की, विशेष कर अधिवक्ताओं और कानूनी विशेषज्ञों की नज़र रहेगी।

इस प्रकरण का एक और पक्ष है, जिस पर भी विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश नवाचारों के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री के अपने आवास पर गणेश पूजा के लिए आने और उसके दृश्यों के सार्वजनिक में कोई बुराई नहीं दिखाई दी। संभवतया, उन्हें अपने आत्मबल पर इतना विश्वास होगा कि प्रधानमंत्री के घर आने का उनके निर्णयों पर कतई प्रभाव नहीं पड़ेगा। शासकों द्वारा अपने परिजनों के विरुद्ध निर्णय देने के कई उदाहरण इतिहास में उपलब्ध हैं। यह व्यक्ति की निष्ठा पर निर्भर करता है कि उसका नैतिक साहस किस स्तर का है। इस प्रकरण में हो रहे विवाद पर बस यही कहने का मन करता है कि **''हंगामा क्यों है बरपा?''**

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# आखिर कार्बन उत्सर्जन का नियंत्रण क्यों जरूरी है



**अविनाश जोशी**

कार्बन व्यापार में चीन, अमेरिका, रूस, जर्मनी, दक्षिण कोरिया बड़े निर्यातक हैं। इन देशों में जिन कंपनियों का कार्बन उत्सर्जन देश के सालाना कार्बन उत्सर्जन का साठ फीसद से ज्यादा है, वे अपने उत्सर्जन की भरपाई 'कार्बन क्रेडिट' खरीद कर करना आसान मानती हैं। प्रति इकाई 'कार्बन क्रेडिट' के बाजार भाव में मांग के अनुसार उतार-चढ़ाव आता रहता है। मसलन, चीन में सरकार की कार्बन उत्सर्जन रोकने पर सख्ती की नीति के कारण उद्योग 'कार्बन क्रेडिट' खरीदने की होड़ में हैं।

एक रिपोर्ट से पता चलता है कि साल 2021 में कुल कार्बन उत्सर्जन के आधे हिस्से में चीन, अमेरिका और यूरोपीय संघ के देश शामिल थे। इस मामले में भारत का योगदान महज सात फीसद है, जबकि चीन इकतीस फीसद कार्बन उत्सर्जन करता है जो अपने आप में सर्वाधिक है। विश्व के सभी देशों में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन काफी तेज गति से बढ़ रहा है, जिसके कारण पृथ्वी के तापमान में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। तापमान में होनें वाली इस वृद्धि में सबसे अधिक योगदान कार्बन डाई ऑक्साइड गैस का है। जिन देशों में औद्योगिक गतिविधियाँ ज्यादा होतीं है, वहां कार्बन का उत्सर्जन अधिक होता है। क्योटो प्रोटोकोल एक ऐसी ही संधि है, जो कि ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए विश्व के विकसित और विकासशील देशों को बाध्य करती है।

अमेरिका जैसे देश अमेरिका प्रथम की नीति पर चलते हैं, जबकि भारत जैसे देश 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत को अपनाते हैं। यही कारण है कि सर्वाधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाले अमेरिका जैसे देश औद्योगिकीकरण और विकास को सर्वोपरि लक्ष्य बनाए हुए हैं। जब कभी विकास की ओर नई प्रगति होती है तो उसका सीधा असर पर्यावरण पर पड़ता है और यही असर एक आदत का रूप ले ले, तो दुष्प्रभाव की पूरी संभावना बन जाती है। ऐसे दुष्प्रभाव से समय रहते निपटा न जाए तो पृथ्वी और उसके जीव अस्तित्व को लेकर एक नई चुनौती से गुजरने लगते हैं।

भारत में कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए कई नीतियाँ और उपायों की प्राथमिकता दी जा रही है भारत सरकार ने वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए 'निगेलेशन स्ट्रेटेजी 2030' जैसी पहलों को प्रोत्साहित किया है, जो विद्युत, वायुमार्गों, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को बढ़ावा देते हैं। भारत ने नवाचारी और स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों के प्रति विशेष ध्यान दिया है, जैसे कि सौर ऊर्जा और जल परियोजनाएँ, जो कार्बन नकारात्मक योगदान को बढ़ावा देती हैं। वनस्पति संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा के उपायों पर भी ध्यान दिया जा रहा है, क्योंकि वनस्पतियों और वन्यजीवों का संरक्षण भी कार्बन संकेत को संभावित रूप से कम कर सकता है। भारत सरकार ने कार्बन कैचर और स्टोरेज (णणए) प्रौद्योगिकियों के प्रयोग को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाया है, जिससे कार्बन उत्सर्जन को अवरुद्ध किया जा सकता है। प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपायों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद कर सकते हैं।

कार्बन उत्सर्जन से यहा तात्पर्य कार्बन डाइऑक्साइड, मेथेन, और अन्य प्रकार के कार्बन का वायुमंडल में उत्सर्जन से है। ये उत्सर्जन मुख्य रूप से वाहनों की इंधन जलाने, उर्जा उत्पादन, और औद्योगिक गतिविधियों से होता है, जिसके परिणामस्वरूप वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों का स्तर बढ़ता है और जलवायु परिवर्तन के प्रमुख कारकों में से एक बनता है मानव द्वारा किये जा रहे उत्सर्जन के कारण औद्योगिक क्रांति से लेकर अब तक पृथ्वी की सतह का औसत तापमान पहले ही 1 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है और कार्बन उत्सर्जन में निरंतर वृद्धि से हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी और अधिक खतरनाक जगह साबित होगी।

हम अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में छोटे-छोटे बदलाव करके कार्बन उत्सर्जन में कमी कर सकते है, जैसे सौर, पवन ऊर्जा के इस्तेमाल और पौधारोपण आदि से कार्बन उत्सर्जन में कमी की जा सकती है। कार्बन उत्सर्जन और अन्य ग्रीनहाउस गैसों का वातावरण में ईंधन, कच्चे तेल और कोयले के जलने से होता है। घर में बिजली के अधिक प्रयोग से और फ्लोरेसेंट बल्बों के इस्तेमाल से कर्मी की जा सकती है। ग्लास, धातुओं, प्लास्टिक और कागज को एक से अधिक बार उपयोग में ला कर भी हम कमी कर सकते हैं, इसके साथ ही निरंतर चलनें वाले रेफ्रिजरेटर की स्पीड धीमी रख कर या घर की दीवारों पर हल्के रंग का पेंट भी इसमें काफी मददगार होते है। वैसे तो इंडिकेटर और स्टैंडबाय मोड पर रहनें वाले गैजेट्स भी कई किलो कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न करते हैं। कुछ छोटी-छोटी बाते एवं आदते भी सहायक हो सकती है जैसे उचित मात्रा में कपड़े एकत्र होनें पर ही वाशिंग मशीन का उपयोग करे, गाड़ी के टायरों में हवा सही रखकर लगभग तीन प्रतिशत ईंधन की बचत कर सकते हैं, अधिक से अधिक वृक्ष लगानें का प्रयास करे, क्योंकि एक अकेला वृक्ष अपनी जिन्दगी में एक टन कार्बन डाइऑक्साइड सोखता है, भोजन को बर्बाद करनें से बचे, क्योंकि इसे तैयार करने में काफी ऊर्जा का उपयोग होता है इस तरह हम प्रकृति एवम पर्यावरण के प्रति जागरूक समाज के निर्माण में सहायक हो सकते है।

दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इस मसले पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होते रहते हैं और उनमें वैश्विक स्तर पर तापमान में बढ़ोतरी के कारणों और उसके समाधान पर विचार किया जाता है। लेकिन जमीनी स्तर पर इस सबका हासिल क्या रहा है, यह छिपा नहीं है। हालत यह है कि तापमान में बढ़ोतरी की समस्या अब ऐसी शक्ल अख्तियार करती जा रही है, जिसमें ऐसा लगता है मानो बहुत कुछ हाथ से छूट रहा हो। पिछले कुछ समय से मौसम के अति कठोर होते जाने की वजहें तापमान के इसी उतार-चढ़ाव में छिपी हैं। अमेरिका के दक्षिण-पश्चिम और मेक्सिको में जानलेवा गर्म हवाएं चल रही हैं तो यह बेवजह नहीं हैं। अब अगर दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी बढ़ते तापमान की वजह से बिगड़ते हालात की खबरें आ रही हैं, तो यह एक तरह से गहराती समस्या की ही कड़ियां हैं। विडंबना यह है कि आए दिन होने वाली बैठकों में वैज्ञानिक और पर्यावरणविद जलवायु में आती विकृति के लिए कोयला, तेल और प्राकृतिक जीवाश्म ईंधन के उपयोग से जलवायु की निरंतरता में होने वाले बदलाव को जिम्मेदार ठहराते हैं। तात्कालिक स्तर पर इस मसले के हल के लिए कुछ बिंदुओं पर सहमति भी बनती है। लेकिन फिर कुछ समय बाद सब कुछ पहले की तरह चलने लगता है।

कोरोना महामारी के दौरान जब दुनिया के ज्यादातर देशों में पूर्णबंदी लगी थी, तब कार्बन उत्सर्जन में न केवल गिरावट आई थी, बल्कि आसमान कहीं अधिक साफ और प्रदूषण मुक्त देखने को मिला था। दरअसल कार्बन उत्सर्जन को लेकर दुनिया के देशों में कभी एकजुटता देखने को मिली ही नहीं। विकसित और विकासशील देशों में इसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप भी व्यापक पैमाने पर रहे हैं। इतना ही नहीं, कार्बन उत्सर्जन को लेकर सभी देश बढ़-चढ़ कर अंकुश लगाने की बात करते रहे और हकीकत में नतीजे इसके विपरीत बने रहे। पृथ्वी साढ़े चार अरब साल पुरानी है और कई कालखंडों से गुजरते हुए मौजूदा पर्यावरण में है। यदि इससे वाकई बचना है तो वैश्विक उत्सर्जन में हर साल औसतन एक सौ चालीस करोड़ टन की कटौती करनी होगी तब कहीं जाकर 2070 तक कार्बन उत्सर्जन के मामले में शून्य तक पहुंचा जा सकेगा। कार्बन उत्सर्जन से उत्पन्न समस्या निजी नहीं है और दुनिया के देश भले ही आर्थिक संपन्नता और सभ्यता के चरम पर हों, मगर पृथ्वी को उसी की भांति बनाए रखने में यदि सफल नहीं होते हैं तो दुनिया को इसकी बड़ी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहना होगा।

भारत की अपनी चिंताएं हैं। एक तरफ जहां करोड़ों लोगों को भुखमरी और गरीबी से बाहर निकालना है जिसके लिए आर्थिक विकास अपरिहार्य है, तो दूसरी ओर ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में भी कमी लाना है। ये दोनों दृष्टिकोण एक-दूसरे के अंतर्विरोधी हैं। यही कारण है कि भारत सौर और पवन ऊर्जा के विस्तार से अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का रास्ता भी खोज रहा है। वास्तव में कार्बन उत्सर्जन में कटौती को लेकर सम्मेलनों में साहस दिखाने वाले देशों की कमी नहीं है, मगर देश के भीतर आर्थिक विकास की आपा-धापी के चलते वायदों पर भी खरे नहीं उतर पाते हैं

**–अविनाश जोशी,**
**स्वंतत्र पत्रकार एवम लेखक**

# प्रयास संस्थान चूरू ने राजस्थानी भाषा के आठ साहित्यकारों को सम्मानित किया

## राजस्थानी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए : सांसद कस्वां

**जयपुर।** प्रयास संस्थान चूरू द्वारा दिए जाने वाले वार्षिक पुरस्कार शृंखला के तहत सूचना केंद्र चूरू में आयोजित एक समारोह में प्रदेश के आठ राजस्थानी भाषा के प्रमुख साहित्यकारों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

संस्थान के सचिव कमल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर चूरू के सुरेंद्र पारीक रोहित को मोहन आलोक साहित्य सम्मान, उदयपुर के अरविंद आशिया एवं कोटा के जितेंद्र निर्मोही को बैजनाथ पंवार कथा साहित्य पुरस्कार, बीकानेर की मोनिका गौड़ एवं जोधपुर की बसंती पंवार को सावित्री चौधरी खूमसिंह साहित्य पुरस्कार, जैसलेमर के महेंद्र सिंह छायण एवं श्रीडूंगरगढ़ के पूनमचंद गोदारा को दुर्गेश युवा साहित्यकार पुरस्कार से अलंकृत किया गया। राजस्थानी साहित्य पुरस्कार समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि, सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि राजस्थानी भाषा एक समृद्ध और प्राचीन भाषा है, इस भाषा का समृद्ध आधुनिक साहित्य है। यह भाषा राजस्थान की लोक संस्कृति की वाहक है, इसके संरक्षण एवं संवर्धन के हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए। राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलवाने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर, संसदीय कमेटी तथा संसद में सक्रियता से बात रखने का मेरा प्रयत्न रहेगा। सांसद कस्वां ने कहा कि राजस्थानी आंदोलन से जुड़े लोग एवं साहित्यकार, बुद्धिजीवी इस दिशा में मार्गदर्शन करेंगे तो वे चार कदम आगे चलकर यात्रा तय करेंगे।



**सूचना केंद्र चूरू में आयोजित समारोह में प्रदेश के राजस्थानी भाषा के आठ साहित्यकारों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।**

- **चूरू के सुरेंद्र पारीक रोहित को मोहन आलोक साहित्य सम्मान, उदयपुर के अरविंद आशिया एवं कोटा के जितेंद्र निर्मोही को बैजनाथ पंवार कथा साहित्य पुरस्कार से नवाजा**
- **बीकानेर की मोनिका गौड़ एवं जोधपुर की बसंती पंवार को सावित्री चौधरी खूमसिंह साहित्य पुरस्कार, जैसलेमर के महेंद्र सिंह छायण एवं श्रीडूंगरगढ के पूनमचंद गोदारा को दुर्गेश युवा साहित्यकार पुरस्कार से अलंकृत किया गया**

समारोह की अध्यक्षता करते हुए भारत सरकार की साहित्य अकादमी में राजस्थानी भाषा संयोजक प्रो. अर्जुनदेव चारण ने कहा कि राजस्थानी की बात करना यहां की संस्कृति, रोजगार और लोक की बात करना है। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. भरत ओला ने बतौर विशिष्ट अतिथि बोलते हुए कहा कि भाषा की मान्यता किसी व्यक्ति, किसी सांसद का निजी मसला भी होना चाहिए और प्रांत का सामूहिक मसला भी। कोई सांसद आगे आकर इसे संभालेगा तो तय है कि समय उसे याद करेगा। साहित्यकार और जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में राजस्थानी विभागाध्यक्ष डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित ने कहा कि मां से जैसे हमारा सम्बन्ध है, वैसे ही मातृभाषा से भी हमारा होना है, हमें भाषा की अंवेर करनी होगी। जिस-जिस ने भाषा की अंवेर की अंजसजोग रहा कि वह प्रगति के पथ की ओर ही अग्रसर हुआ।

समारोह में प्रो. हनुमानाराम ईसराण, प्रो. कमल सिंह कोठारी, राजकुमार लाटा, उम्मेद गोठवाल, सुमेरसिंह, विकास मील, हेमंत सिहाग, बनवारी खामोश, श्यामसुंदर शर्मा, राजेंद्र मुसाफिर, अशोक डूडी, मुकेश ईसराण, रियाजत अली खान, शेरखान मलकांण, धर्मेंद्र बुडानिया, जमील चौहान, योगेश ढाका, मोहन सोनी, देवीलाल महिया, जयसिंह पूनिया, संजय कुमार, नरेंद्र सिहाग, मंजु पंवार, शिवकुमार सैनी, गीता रावत, स्नेहलता शर्मा, तनजीम खान, उम्मेद धानिया, कृश्णा जाखड़, नानकराम डूडी, मोहन अर्जुन, सुधींद्र सुधि, हरिसिंह सिरसला आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

प्रारम्भ में प्रयास संस्थान के अध्यक्ष और जाने-माने साहित्यकार डॉ. दुलाराम सहारण ने स्वागत करते हुए आयोजन विषयक जानकारी दी। सचिव कमल शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन साहित्यकार डॉ. हाकम अली नागरा ने किया।

## राशिफल मंगलवार 17 सितम्बर, 2024



**पंडित अनिल शर्मा**

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, शतभिषा नक्षत्र दिन 1:53 तक, धृति योग प्रातः 7:44 तक, वणिज करण दिन 11:45 तक, चन्द्रमा बुधवार प्रातः 5:44 पर मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-मिथुन, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग दिन 1:53 तक है। भद्रा दिन 11:45 से रात्रि 9:54 तक रहेगी। आज अनन्त चतुर्दशी व्रत, चान्द पूर्णिमा व्रत, पंचक्रम, विश्वकर्मा पूजा है। आज सन्यासियों का चातुर्मास पूर्ण होगा। आज पूर्णिमा, पौष्टपदी श्राद्ध है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:19 से 10:50 तक, लाभ-अमृत 10:50 से 1:53 तक, शुभ 3:24 से 4:55 तक।


**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:17, सूर्यास्त 6:26




**मेष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी और भय बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।



**वृष**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।




**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे।




**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।




**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।




**कन्या**
घर-परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का तनाव दूर होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।




**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**धनु**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में आपसी मतभेद हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।



**मकर**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।



**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

युवाओं को नौकरी, विकास पथ पर गतिमान

# आपणों अग्रणी राजस्थान

## साकार हो रहीं बजट घोषणाएं

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा, MAA- वाउचर योजना का शुभारंभ

## प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण

एवं

## विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास समारोह

| दिनांक : 17 सितम्बर, 2024<br>प्रातः 11.00 बजे | स्थान<br>बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर |
|---|---|

मुख्य अतिथि
**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

अध्यक्षता
**श्री गजेन्द्र सिंह**
माननीय मंत्री, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग

विशिष्ट अतिथि
**श्री जोगाराम पटेल**
माननीय मंत्री, विधि एवं विधिक कार्य विभाग

- 8 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र
- रु. 10 हजार 300 करोड़ से अधिक लागत से कुसुम योजना सहित 1528 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास
- रु. 2100 करोड़ से अधिक लागत से पीएम आवास योजना ग्रामीण के 1 लाख 45 हजार लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र एवं 31 हजार लाभार्थियों का गृह प्रवेश
- MAA वाउचर योजना का सम्पूर्ण प्रदेश में शुभारम्भ
- स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारम्भ, वेस्ट टू आर्ट एक्जीबिशन का उद्घाटन
- नमस्ते योजना के लाभार्थियों को पीपीई किट वितरण


**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं, ( आई.ई.सी. ) राजस्थान, जयपुर

राजस्थान संवाद

# बनास नदी में बाइक समेत गिरे मां-बेटे के शवों को निकाला

## नदी में मां-बेटे के साथ एक अन्य महिला भी गिर गई थी, मौजूद लोगों ने उसे बचा लिया था

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ क्षेत्र में बीगोद कस्बे के खटवाड़ा मार्ग पर बनास नदी के पुल पर तेज बहाव पानी में बाइक समेत गिरे मां और बेटे के शव को रेस्क्यू टीम ने घटना के 21 घण्टे के भीतर ढूंढ निकाला। हालांकि बनास नदी में मां-बेटे के साथ एक अन्य महिला भी गिर गई थी, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचा लिया। बनास नदी के इस पुल पर पुलिस सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं होने और बेरिकेट नहीं लगाने से यह दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में पुलिस और प्रशासन की गौर लापरवाही सामने आई है।


मांडलगढ़ में बीगोद के पास बनास नदी में बहे मां-बेटे के शव 21 घण्टे बाद मिले।

जानकारी के अनुसार बीगोद कस्बे की खटवाड़ा रोड की बनास नदी पुलिया पर तेज बहाव में रविवार शाम को बाइक सवार तीन जने नदी में गिर गए। एक महिला को ग्रामीणों ने बचा लिया था। बनास नदी की पुलिया पर पिछले चार दिन से पानी चल रहा है, फिर भी लोग जान जोखिम में डालकर पानी में डूबी पुलिया पार कर निकल रहे हैं। बीगोद थाना प्रभारी सुनील बेड़ा के अनुसार इस घटना में नंदराय ग्राम पंचायत के बगला की झोपड़िया निवासी गीता देवी पत्नी मदन लाल अहीर को ग्रामीणों ने बचा लिया था, लेकिन विष्णु (25) पुत्र श्यामलाल अहीर और उसकी माता जेतू देवी (40) पत्नी श्यामलाल नदी में बाइक समेत डूब गए। घटना की सूचना पर स्थानीय गोताखोर व एसडीआरएफ की टीम ने देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया था, लेकिन अंधेरा होने से रेस्क्यू ऑपरेशन को रोक दिया गया। सोमवार अल सुबह पुनः रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान पुलिया से 500 मीटर दूर विष्णु का और दो किलोमीटर दूर जेतुदेवी के शव मिले।


मृतकों के परिजनों के मुताबिक तीनों बाइक सवार बरूदनी गांव में एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने गांव बागला की झोपड़िया जा रहे थे। उसी दौरान कस्बे की बनास नदी पर बनी पुलिया पर यह हादसा हो

- बनास नदी के इस पुल पर पुलिस सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं होने और बेरिकेट नहीं लगाने से यह दर्दनाक हादसा हो गया

गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक जेतु देवी और उसके बेटे विष्णु के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपे। वहीं मृतकों घर दोनों के शव लाए गए। इस दौरान परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं दोनों की एक साथ अर्थी देख गांव वालों में माहौल गमगीन हो गया। घटना की सूचना पर मांडलगढ़ विधायक गोपाल खण्डेलवाल, एसडीएम अजित सिंह, पुलिस उप अधीक्षक बाबूलाल विश्नोई सोमवार सुबह घटना स्थल पहुंचे और हालात का जायजा लिया। विधायक ने मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया और सरकार की ओर से सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

# जैसलमेर में सूर्य किरण विमानों ने एरोबेटिक शो किया

## सूर्य किरण के नौ हॉक विमानों ने उड़ान भरी



सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने देदानसर मैदान के ऊपर करतब दिखाए।

**जैसलमेर,** (निंस)। भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने सोमवार को जैसलमेर के देदानसर मैदान में करतब दिखाए। सूर्य किरण एरोबेटिक शो में आसमान में हॉक विमानों की कलाबाजी देखकर लोग हैरान रह गए। शाम चार बजे वायुसेना स्टेशन से सूर्य किरण के नौ हॉक विमानों ने उड़ान भरी। तीन-तीन के सेट में एक के बाद एक उड़ान भरते हुए विमानों ने आसमान में धुएं से तिरंगा बनाया।

यूथ को डेडिकेट करते हुए फॉर्मेशन बनाई। सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने पहली बार जैसलमेर के देदानसर मैदान के ऊपर करतब दिखाए। ग्रुप कैप्टन जीएस ढिल्लो ने टीम को कमांड किया। टीम के डिप्टी लीडर ग्रुप कैप्टन सिद्देश कार्तिक थे। सूर्य किरण की टीम लेफ्ट से तेजस फॉर्मेशन में आई। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट की शेप में 9 हॉक विमान तिरंगा शेप में धुआं छोड़ते हुए आए। दर्शकों के सामने लेफ्ट और राइट से एक-एक विमान आए और 360 डिग्री रोटेट करते हुए एक-दूसरे को क्रॉस किया। फिर 8 विमान सामने से आए और दो-दो की टुकड़ी में राइट और लेफ्ट मुड़ते हुए फ्लाई कर फॉर्मेशन बनाया।

# नदी में कूदी महिला का 40 घंटे बाद निकाला शव

- बताया जा रहा है कि महिला शनिवार रात अपनी मां और बच्चे के साथ अंजनी माता मंदिर के पास पहुंची थी
- महिला ने अपनी गोद में से बच्चा और मोबाइल अपनी मां को दे दिए तथा नदी में छलांग लगा दी थी

**करौली,** (निसं)। शनिवार देर रात करौली-हिंडौन मार्ग स्थित नए पांचना पुल से एक महिला नदी में कूद गई थी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और महिला की नदी में तलाश शुरू की। 40 घंटे बाद सोमवार को प्रातः महिला का शव मिला, जिसका करौली अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

करौली थाना अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि रुक्मिणी मीणा (24) पत्नी ओमप्रकाश निवासी अरोरा अपनी मां एवं बहन के साथ करौली में रहती थी। बताया जा रहा है कि महिला शनिवार रात अपनी मां और बच्चे के साथ अंजनी माता मंदिर के पास पहुंची जहां पांचना नदी पर बने नए पुल पर अचानक महिला ने अपनी गोद में से बच्चा और मोबाइल फोन अपनी मां को दे दिए तथा नदी में छलांग लगा दी थी। घटना से महिला की मां स्तब्ध रह गई। उन्होंने शोर गुल कर आसपास मौजूद लोगों को बुलाया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई रविवार को दिन भर नदी के पानी मे सिविल डिफेंस टीम के जवान इंचार्ज प्रदीप कुमार के नेतृत्व मे वोट से नदी मे उतरे इस दौरान जवान पुष्पेन्द्र, भूपेन्द्र, अबरार, मनीष, ललित पवन, जलसिंह, राधेश्याम, राजकुमार, तरूण, फरमान आदि के अलावा एसडीआरएफ के जवानों ने कडी मशक्कत के बाद नदी में कूदी महिला की तलाश शुरू की। सोमवार को प्रातः 10:30 के करीब उन्हें सफलता मिली और महिला के शव को सामान्य चिकित्सालय की मोर्चरी में लाकर रखवाया जहां पुलिस ने अस्पताल की मेडिकल टीम से महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवारजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लापता नाबालिग का शव खेत में बने पोण्ड में मिला

**जोधपुर,** (कास)। बोरुंदा थाना क्षेत्र में लापता एक नाबालिग बालिका का शव खेत में बने एक पोण्ड में मिला है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के संदेह पर घटना स्थल पर एफएसएल टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। साथ ही शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया।

थानाधिकारी देवकिशन ने बताया कि एक व्यक्ति ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी शनिवार शाम करीब चार बजे घर से बिना बताए निकल गई। वापस नहीं लौटने पर घर व आसपास के क्षेत्र में उसकी खूब तलाश की। नहीं मिलने पर बोरुंदा पुलिस थाने में पहुंचकर रात्रि नौ बजे गुमशुदगी की दर्ज करवाई। अगले दिन रविवार सुबह ढाणी के पास ही के खेत में बने एक पोंड में उसका शव मिला। परिजनों की सूचना पर

- परिजनों के संदेह पर घटना स्थल पर एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए
- नाबालिग के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया

थानाधिकारी देवकिशन मय जाब्ता घटनास्थल पर पहुंचे तथा शव को बोरुंदा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वहीं जोधपुर से एफएसएल टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर विभिन्न साक्ष्य जुटाए। मृतका के परिजनों की मांग पर मेडिकल बोर्ड ने पोस्टमार्टम किया। परिजनों ने नाबालिग बच्ची के साथ किसी अनहोनी के बाद हत्या कर शव को खेत में बने पोंड में फेंकने का संदेह जताया।

# महिला डॉक्टर का अश्लील वीडियो बनाकर दुष्कर्म

**अजमेर,** (कासं)। अस्पताल से जुड़ी महिला कर्मचारियों के साथ बलात्कार की घटनाओं के क्रम में अजमेर में भी एक डॉक्टर के साथ बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। आदर्श नगर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर जीरो नंबर एफआईआर दर्ज करके आगरा पुलिस को भेजी है। इसके साथ ही पीड़िता का रात को ही जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के फोरेंसिक विभाग से बलात्कार संबंधी मेडिकल कराया गया है।

बलात्कार की पीड़िता डॉक्टर ने आदर्श नगर थाना पुलिस को बताया कि रिश्ते में उसके मामा के लड़के द्वारा उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसे बदनाम करने की धमकी दी गई और उससे शारीरिक संबंध स्थापित कर लिए। यह क्रम अजमेर में भी चला। यहां वह चिकित्सक के पद पर कार्यरत है। इसके

- पुलिस ने जीरो नंबर एफआईआर दर्ज करके आगरा पुलिस को भेजी
- पीड़िता का रात को ही जेएलएन अस्पताल के फोरेंसिक विभाग से मेडिकल कराया

अलावा इसी माह सितंबर 14 और 15 को वह आगरा अपने घर गई थी, वहां भी आरोपी ने उसके साथ बदनाम करने की धमकी देकर बलात्कार किया।

आदर्श नगर थाना प्रभारी दिनेश कुमावत ने बताया कि पीड़ित चिकित्सक रविवार को थाने पहुंची थी, जिसने लिखित शिकायत दी है। उसने यह भी बताया कि आरोपी उसके मामा का लड़का है और आगरा का रहने वाला है तथा आगरा में उनके राजनीतिक प्रभाव अधिक है, जिसके चलते आगरा में यदि मैं शिकायत देती तो राजनैतिक प्रभाव के कारण पुलिस उसकी ओर ध्यान नहीं देती। इसलिए वह यहां मुकदमा दर्ज करवा रही है और इसी महीने में 14 तथा 15 सितंबर को आगरा में भी आरोपी ने उसके साथ जबरन रेप की वारदात को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी दिनेश कुमावत ने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई के निर्देश पर रविवार रात को ही मुकदमा दर्ज करके पीड़िता का रात को ही जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के फोरेंसिक विभाग से बलात्कार संबंधी मेडिकल करवाया गया है तथा मेडिकल रिपोर्ट और एफआईआर आगरा भेज दी गई है, जहां संबंधित थाना पुलिस उस पर कार्रवाई करेगी।

# सांगानेर में सूने बंद बाजार से बारावफात का जुलूस निकला

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के उपनगर सांगानेर कस्बे में बारावफात का जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। जुलूस के दौरान विवादित स्थान से कोई भी वाहन नहीं गुजरा। पुलिस के आला अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए थे, उधर सांगानेर कस्बे के हिंदू समाज के लोग गांव छोड़कर काली मंगरी चले गए। वहीं घरों के बाहर विरोध स्वरूप काली पट्टियां बांधी गई है।

जानकारी के अनुसार उपनगर सांगानेर में दो दिन पहले गणेश पंडाल पर कुछ लोगों ने पथराव किया, जिससे माहौल गरमा गया था। बीती रात को भी सकल हिंदू समाज के लोगों ने कार्यवाही और कुछ मांगों को लेकर पुलिस चौकी का घेरा किया, देर रात तक कोई समझौता नहीं हो पाया और सकल हिंदू समाज ने फैसला किया कि वह दूसरे पक्ष के त्यौहार को नहीं देखेंगे। इसी के चलते सोमवार सुबह काली मंगरी चले गए, जहां वह भजन कीर्तन कर रहे हैं और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया है। उधर बंद बाजार और सूनी गलियों से पुलिस की कड़ी चौकसी में बारावफात जुलूस निकाला गया। हर वर्ष की भांति निकले इस बार जुलूस को देखने के लिए कोई दिखाई नहीं दिया है। पुलिस और मुस्लिम समुदाय के लोग ही वहां नजर आ रहे थे। पूर्व पार्षद राजू जांगिड़ ने कहा है कि सकल हिंदू समाज ने फैसला किया है कि अब दूसरे पक्ष के त्यौहार को नहीं देखेंगे। इसी के चलते सकल हिंदू समाज के लोग अपने घरों से बाहर निकल कर काली मंगरी आए हैं, वहीं घरों के बाहर विरोध स्वरूप काली पट्टियां बांधी गई है।


हिंदू समाज के लोगों ने घरों के बाहर विरोधस्वरूप काली पट्टियां बांधी।

# राष्ट्रीय ध्वज को अपमानित करने की घटना पर शिक्षा मंत्री नाराज हुए

**कोटा।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कोटा में बारावफात के जुलूस के दौरान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को अपमानित करने और तिरंगे में चक्र के स्थान पर चांद तारा लगाकर जुलूस में शामिल करने पर गहरी नाराजगी जताते हुए घटना को लेकर गंभीर नाराजगी जाहिर की है। दिलावर ने कहा कि यह देश के खिलाफ कोई साजिश का संकेत देता है। उन्होंने कहा कि इस घटना से लगता है कि यह लोग दूषित मानसिकता वाले हैं और देश को इस्लामी राष्ट्र बनाने का सपना अभी भी अपने मन में सजोए हुए हैं। मंत्री दिलावर ने कहा कि तिरंगे को अपमानित करने वालों के मंसूबे कभी पूरे नहीं होने दिए जाएंगे, ऐसे तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। मंत्री दिलावर ने तत्काल कोटा रेंज पुलिस महानिरीक्षक रवि दत्त गौड़ से बात की तथा दोषियों को चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई आदेश दिए। साथ ही उन्होंने प्रदेश के डीजी उत्कल रंजन साहू को फोन कर मामले में गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचायें : दिया कुमारी

**कोटा,** (निसं)। कोटा शहर प्रवास पर आई उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का जिलाध्यक्ष राकेश जैन, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, प्रदेश मंत्री अनुसुईया गोस्वामी के सानिध्य में भाजपा कोटा शहर ने पार्टी दुपट्टा पहनाकर, पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कोटा शहर में भाजपा पार्टी के चल रहे कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की तथा सभी से कहा कि भाजपा पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत घर घर सम्पर्क कर, भाजपा की विचारधाराओं से जोड़ना है। हमें केन्द्र सरकार एवं राजस्थान सरकार की जनहित की योजनाओं के बारे में आमजन को बताना है तथा कोशिश करनी है कि ज्यादा से ज्यादा आमजन सरकारी योजनाओं से लाभांवित हो। इस अवसर पर जिला महामंत्री मुकेश विजय, चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा, लक्ष्मण सिंह खींची, जिला मंत्री जयदेव सुखेजा, अंजूबाला सैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता पचवारिया, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जगन्नाथ नागर, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलाल टटवाडिया, मण्डल अध्यक्ष दिनेश शर्मा, रमेश शर्मा, नरेन्द्र सोनी लाला, प्रदीप राठौर सहित कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को पार्टी दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।


कोटा पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का भाजपा कोटा शहर ने स्वागत किया ।

# वैश्य समाज का योगदान राष्ट्र निर्माण में अग्रणी रहा है : बिरला

## वैश्य समाज जातिगत संकीर्णता से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता है : विधायक दीप्ति

**राजसमंद,** (निसं)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा आयोजित विकसित भारत 2047-एक दृष्टि और वैश्य समाज विषयक कार्यशाला में भाग लेते हुए कहा कि वैश्य समाज ने हमेशा जातिगत संकीर्णता से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए समाज में सजगता और एकता लाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इस बात पर जोर दिया कि राजनीति और समाज में हमें जाति के आधार पर नहीं बल्कि हमारे कार्यों और समाज में योगदान के आधार पर अपना स्थान बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज का योगदान आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से राष्ट्र निर्माण में हमेशा अग्रणी रहा है और यह परंपरा आगे भी जारी रहनी चाहिए। विधायक दीप्ति ने कहा कि वैश्य समाज हमेशा से देश की प्रगति और विकास में अपना अमूल्य योगदान देता रहा है।


राजसमंद में आयोजित कार्यशाला में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधायक दिप्ती माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

- राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की ''विकसित भारत 2047 : एक दृष्टि और वैश्य समाज'' कार्यशाला में हुई चर्चा

इस प्रकार की कार्यशालाएं समाज में जागरूकता और विचारशीलता को प्रोत्साहित करती हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समाज का कोई भी बच्चा आर्थिक कठिनाइयों के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि चिंतन और मनन की प्रक्रिया से आने वाले समय की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकता है। माहेश्वरी ने सनातन धर्म पर हो रहे सुनियोजित आक्रमणों के प्रति चिंता जताते हुए कहा कि आज हमें जातिगत संकीर्णता से ऊपर उठकर हिंदू धर्म की एकता के लिए जागृति लाने की आवश्यकता है। हमें संगठित होकर धर्म और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझना और निभाना होगा।

उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज के प्रति उनके योगदान की पहचान और सम्मान का प्रतीक है। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में नई ऊर्जा और सशक्तिकरण का संचार करते हैं। कार्यशाला के समापन पर उपस्थित लोगों ने वैश्य समाज की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान को और भी महत्वपूर्ण बनाने की दिशा में संकल्प लिया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिवस पर उन्हें लोक ऋषि की उपमा देते हुए उनके अद्वितीय नेतृत्व और कुशल नीति निर्माण की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में देश ने सुशासन, विकास और आत्मनिर्भरता के नए कीर्तिमान बनाएं हैं। उनके नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में देश में न केवल आत्मविश्वास का संचार हुआ है बल्कि भारत ने वैश्विक मंच पर भी अपनी सशक्त उपस्थिति अंकित कराई है।

# चेतन सिंह झाला ने भाजपा जॉइन की

**पाली/जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाली शहर में आयोजित एक समारोह में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चेतन सिंह झाला को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। राठौड़ ने चेतन सिंह झाला को भाजपा की रीति और नीति बताते हुए पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सदस्य बनाया और भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल करवाकर सदस्य बनाया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता,**
**जन स्वा.अभि.विभाग, खण्ड कोलायत**

क्रमांक-1177-88 दिनांक-04.09.2024

**ई-बोली सूचना संख्या-46 से 51/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखितकर्ता द्वारा जन स्वा.अभि.विभाग के पंजीकृत/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग द्वारा बोली आमंत्रित की जाती है। यह बोली website "www.sppp.rajasthan.gov.in" पर देखी जा सकती है तथा बोली प्रपत्र "http://eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 06.09.2024 को सायं 06.00 बजे से दिनांक 23.09.2024 को सायं 06.00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है तथा ऑनलाईन बिड डालने की अवधि दिनांक 23.09.2024 को सायं 06.00 बजे तक रहेगी, उक्त बोली दिनांक 24.09.2024 को दोपहर 01.00 बजे ऑनलाईन खोली जायेगी।

Egrass (electronic government receipt accounting system web site https://egras.raj.nic.in) के माध्यम से बोली शुल्क बजट मद 0075-00-800-52-01, धरोहर राशि बजट मद 8443-00-108-00-00 जोकि "41485-Executive Engineer, PHED, Division Kolayat" के नाम से एवं ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क बजट मद 8658-00-102-1602 जोकि Managing Director, RISL Payable at Jaipur के नाम से एक ही चालान से जमा करवाना आवश्यक होगा। कुल 06 कार्य है जिसकी कुल लागत 338.02 लाख रूपये है जिनमें एक कार्य की अधिकतम लागत रूपये 79.16 लाख है।

| बोली संख्या | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 | 51 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एसपीपीपी कोड संख्या | PHE2425 WSOB043 58 | PHE2425 WSOB043 59 | PHE2425 WSOB043 61 | PHE2425 WSOB043 62 | PHE2425 WSOB043 63 | PHE2425 WSOB043 64 |

(धमेन्द्र कुमावत) अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड कोलायत

DIPR/C/8367/2024

## खो-खो प्रतियोगिता का उद्घाटन

**सायला, (निसं)।** सायला के निकटवर्ती थलवाड स्थित राउमावि में सोमवार को 68वीं जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता सत्र 2024-25 का मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच असत कंवर की अध्यक्षता में उद्घाटन हुआ। बतौर विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्रसिंह बालावत मौजूद रहे। प्रतियोगिता के तहत सर्वप्रथम मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। प्रधानाचार्य रमेश कुमार परमार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रतियोगिता में कुल 30 टीमों के 360 खिलाडी भाग ले रहे है। उद्घाटन मैच 19 वर्ष में राउमावि विशाला और राउमावि सांगाणा के बीच खेला गया। जिसमें विशाला विजेता रही। इस दौरान दीपसिंह धनानी, करणसिंह मेडतिया, सीबीईओ भंवरलाल परमार, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, दिलावरसिंह, दलपतसिंह भाटी, भाजपा मंडल ग्रामीण मौजूद रहे।

# भव्य शोभा यात्रा के साथ हुआ हिंगलाज महोत्सव का शुभारम्भ

**जैसलमेर** / श्री ब्रह्मक्षत्रय खत्री समाज द्वारा आयोजित हिंगलाज महोत्सव का शुभारम्भ सोमवार को प्रातः मनोरम झांकियों एवं कलश लिए महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ किया गया।

शोभा यात्रा हनुमान चौराहे से रवाना हुई जो मुख्य बाजार, गोपा चौक एवं आसनी रोड से होते हुए हिंगलाज मन्दिर गांधी कॉलोनी पहुंची। शोभा यात्रा की अगुवाई घोड़ों तथा ऊठों पर चढ़े समाजबन्धुओं ने की तथा पीछे मंगल कलश के साथ महिलाएं एवं बालिकायें थी। शोभा यात्रा में देवी देवताओं की मनोरम झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। शोभा यात्रा का जगह जगह पर पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया तथा अल्पाहार एवं जलपान भी करवाया गया। शोभा यात्रा में जिले के तथा अन्य स्थानों से पधारें मेहमानों ने भी सिरकत की तथा समाज की एकजुटता का परिचय दिया। शोभा यात्रा की सफलता का पूरा श्रेय एकता मण्डल एवं हिंगलाज मण्डल के कार्यकर्ताओं का रहा जिन्होंने अपनी पूरी मेहनत से इस विशाल शोभा यात्रा को सम्पन्न करवाया।



श्री ब्रह्मक्षत्रय खत्री समाज द्वारा हिंगलाज महोत्सव पर शोभायात्रा निकाली

शोभा यात्रा के हिंगलाज मन्दिर पहुंचने पर मन्दिर परिसर में महाआरती एवं पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात् समाज भवन में पधारे सभी समाजबन्धुओं ने सामूहिक भोजन प्रसाद ठाहण की तथा समाज अध्यक्ष सत्यनारायण दड़ा ने सभी से हिंगलाज मन्दिर लौद्रवा पहुंचने की अपील की। समाजबन्धू बसों द्वारा एवं अपने-अपने साधनों से लौद्रवा पहुंचे। लौद्रवा में मां हिंगलाज का पुरातन मन्दिर हैं जहां दशकों से ब्रह्मक्षत्रय समाज द्वारा मेले का आयोजन किया जाता रहा हैं। समाज कोषाध्यक्ष मोहनलाल बिछड़ा ने सभी समाजबन्धुओं से मेले में आर्थिक सहयोग हेतु निवेदन किया और सहयोग करने वाले बन्धुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सार-समाचार

### आमजन को भाजपा से जोड़ा

**पोकरण, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत सोमवार को क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर आमजन को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता से जोडा। इस संबंध में विधायक के निजी सहायक गुलाबसिंह राङ्गौड ने बताया की बिलिया, नाननीयाई, चौक, सनावडा, सांकडा, नेडान व माडवा गावो का दौरा कर बैठके ली। विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी वह राजनीतिक दल है जो अपनी स्थापना के पहले दिन से ही भारत और प्रत्येक भारतीय के सशक्तिकरण और उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों व आमजन को इस राष्ट्रीय नवनिर्माण अभियान में सक्रिय भागीदार बनने और विकसित भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनने की अपील की। इस दौरान विधायक जन संपर्क कार्यालय की मोबाइल टीम द्वारा अनेक जनों को भाजपा की सदस्यता से जोडा गया। सोमवार को क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने बिलिया, नाननीयाई, चौक, सनावडा, सांकडा, नेडान व माडवा गांवों में जनसुनवाई कर आमजन के अभाव अभियोग सुने। इस दौरान पानी,बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार संबंधी शिकायतों को सुनकर निराकरण के लिए निर्देश दिए। कई परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सोमवार को पांच सौ से अधिक जन सुनवाई में परिवेदनाएं प्राप्त हुई। महंत ने कहा की प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा आमजन के कल्याण व उनको जन कल्याणकारी योजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जा रहा हैं। कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं रहे इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं। जन सुनवाई में पूर्व विधायक शैतान सिंह राठौड, सरपंच प्रतिनिधि भोम सिंह राठौड, नाथूसिंह राठौड, मंडल अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड, उपखंड अधिकारी प्रभजोत सिंह गिल, बीडीओ नरपत सिंह भाटी, अधिकारी उपस्थित रहे।

### ईद मिलादुन्नबी पर्व

मंडार, (निसं)। सिरोही जिले के उपखंड क्षेत्र के मंडार में मुस्लिम समुदाय की ओर से ईद मिलादुन्नबी का पर्व सोमवार को परम्परागत तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर शहर में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया जिसमे आसपास के गांवों के समाज बधुओं ने भाग लिया, तथा मदरसा असगर पिया में मौलाना सिद्दीक अकबरी ने मोहम्मद साहब की शान में नातिया कलाम पेश किया।मिलाद शरीफ का आयोजन हुआ। पर्व को लेकर के कस्बे के मस्जिद ए ईरम, हुशेनी चोक,बस स्टेंड, पिथापुरा रोड, होते हुए असगर पिया मदरसे पहुंचे।

# जसोल माँ की मोहिनी मूर्त को निहारा

**बालोतरा, (निसं)।** बालोतरा के निकट जसोल में पांव में छाले, हाथों में ध्वज पताकाएं, पैदल चलते मोतियों वाली माँ के जयकारों, भोर की पहली किरण के साथ एक पलक माजीसा को निहारने व अपनी आस्था का पुष्प चढाने को लेकर हजारों श्रद्धालु आतुर दिखे। बालोतरा के निकट लूणी नदी किनारे स्थित पश्चिमी राजस्थान के शक्तिपीठ जसोलधाम में भाद्रपद त्रयोदशी पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमडा। प्रातः कालीन मंगला आरती के लिए जब मंदिर के पट (दरवाजे) खुले तो कतारों में खडे हजारों श्रद्धालु उत्साह से सरोबार नजर आए। त्रयोदशी पर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की नगरी जसोलधाम में जगतजननी व राजराजेश्वरी श्री माता राणीसा भटियाणीसा के दर्शन पूजन किए। जयकारे के साथ मंदिर प्रांगण में पहले पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं में होड सी देखने को मिली।

श्रद्धालुओं ने श्री राणीसा भटियाणीसा, रावल कल्याणसिंह , श्री बायोसा, सवाईसिंह , लाल बन्नासा, श्री खेतलाजी व श्री भेरूजी के मंदिरों में दर्शन पूजन कर परिवार में खुशहाली की मंगल कामनाएं की। हजारों श्रद्धालुओं के उमडने पर मंदिर मुख्य द्वार-प्रवेश मार्ग तक लंबी कतारें नजर आई। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तो महिलाएं मुख्य प्रवेश द्वार से बाहर तक कतारों में बडी त्रयोदशी पर मां की एक झलक पाने के लिए आतुर नजर आए।घंटों प्रतीक्षा बाद आई बारी पर श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन-पूजन कर व प्रसाद चढा परिवार में खुशहाली की कामनाएं की। ब्रह्ममुहूर्त के साथ श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने का जो सिलसिला शुरू हुआ।

## शिक्षकों का छलका दर्द

**जालोर, (कासं)।** शिक्षक दिवस पर राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) की ओर से राज्यभर में आयोजित शिक्षक पंचायतों में पेंशन, अध्यापक स्थानांतरण, स्थानांतरण नीति, शिक्षा नीति और गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्ति के अलावा वेतन स्थिरीकरण व स्थाईकरण जैसे रोजमर्रा के कार्यों को अकारण लटकाए रखने की विभागीय अधिकारियों की प्रवृत्ति जैसे मुद्दों पर शिक्षकों का दर्द छलक उठा था। जिलाध्यक्ष गोपाल सिंह मंडलावत ने बताया कि ।राज्य भर में आयोजित शिक्षक पंचायतों में हुए विमर्श में तीखेपन के साथ यह उभर कर आया कि केंद्र सरकार द्वारा एनपीएस के स्थान पर यूपीएस का विकल्प देने, राज्य में ओपीएस की सुनिश्चितता के लिए कर्मचारियों द्वारा निरंतर आवाज उङ्गाने के बावजूद राज्य सरकार की खामोशी ने ओपीएस के संबंध में कर्मचारियों की आशंका को बहुत बढा दिया है।

# डॉ. दाधीच साहित्य सम्मान डॉ. क्षिप्रा नत्थानी को

**जोधपुर, (कासं)।** अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद ,जोधपुर के तत्वावधान में अखिल राजस्थान स्तरीय सम्मान डॉ रामप्रसाद दाधीच प्रसाद साहित्य सम्मान डॉ.क्षिप्रा नत्थानी को उनकी कृति हॉस्टल डायरी पर गांधी भवन सभागार में 21 सितंबर की शाम 5 बजे भव्य आयोजन में प्रदान किया जाएगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सत्यनारायण, अध्यक्ष हरीप्रकाश राठी, विशिष्ट अतिथि दशरथ सोलंकी होंगे ।कार्यक्रम का संचालन अर्चना त्यागी करेंगी । परिषद की महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ पद्मजा शर्मा ने बताया कि हॉस्टल डायरी में वर्किंग वुमन हॉस्टल में गुजरा वक्त सांस ले रहा है।डायरी लेखिका क्षिप्रा के अनुसार व्यक्ति को अपने आपको समझने के लिए अकेले रहना बहुत जरूरी है ।यह डायरी वर्किंग वुमन हॉस्टल के भीतर झांकने का मौका देती है, जहां सुख ,दुख और अपनापन कमरे दर कमरे डोलते हैं।

इस सम्मान के निर्णायक मण्डल में वरिष्ठ कथाकार हबीब कैफी, उपन्यासकार दीप्ति कुलश्रेष्ठ और शब्दचित्रकार डॉ पद्मजा शर्मा थी।इस वर्ष साहित्य सम्मान के लिए डायरी और संस्मरण विधा पर पुस्तकें आमंत्रित की गई थी। 2017 से निरंतर प्रतिवर्ष दाधीच साहित्य सम्मान राजस्थान के युवा रचनाकारों को प्रदान किया जाता रहा है। अस्सी पुस्तकों के रचनाकार डॉ रामप्रसाद दाधीच प्रसाद ने कविता, नाटक, काव्यान्तर,शोध ग्रंथ,राजस्थानी एवं लोक साहित्य ,बाल साहित्य प्रचुर मात्रा में लिखा।पुस्तक सम्पादन, पत्रिकाओं का सम्पादन,भावानुवाद भी किया।

## गणपति को लगाया 56 भोग

**सायला, (निसं)।** सायला नगर के पुराना बस स्टेण्ड स्थित श्री गणपति रिद्धि सिद्धि मंदिर में चल रहे गणेशोत्सव के नौवें दिन सोमवार की शाम गणपति को छप्पन भोग लगाया गया।

इस अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाया गया। छप्पन भोग के विशेष अवसर पर गणपति मित्र मंडल के सदस्य सुबह से ही छप्पन भोग की तैयारी में जुटे रहे तथा सुबह दैनिक पूजा के बाद छप्पन भोग का व्यंजन तैयार करने के बाद उसे सजाने का सिलसिला शुरू हुआ। इस अवसर पर भगवान गणेश को लड्डू, मोतीचूर, मोतीपाक, पे?ा, बर्फी, काजू कतली, काजू रॉल, बालूशाही, गोंद का लड्डू, गुजिया, मिल्क केक, ीम केक, हलवा, खीर सहित विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, सभी प्रकार के फल, मेवा आदि का भोग लगाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की अपार भी? बनी रही।


कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुरिया पं.स. जालोर जिला जालोर

क्रमांक/ग्रापं/2024-25/169 दिनांक- 12/09/2024

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत रायपुरिया द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमो के तहत पंचायती राज विभाग , सार्वजनिक निर्माण विभाग , जल संसाधन विभाग , जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग , नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकत संगठनों में पजीकत सक्षम श्रेणी के संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी । निविदा के सम्बन्धित विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है

NIB No. : ZJR2425A0404
UBN No. : ZJR2425WSOB00675 to ZJR2425WSOB00676

सरपंच ग्राम पंचायत,रायपुरिया पं. स. जालोर (राज) — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत,रायपुरिया पं. स. जालोर (राज)

**Office of The Program Officer (EGS) Cum BDO Panchayat Samiti Sayla ( Jalore )**

No.- 366 Date- 12.09.2024

**-:: Notice of Inviting Bid ::-**

Bid for **supply Work of Material and Equipments &Work tenders for various work** as below are invited from interested bidders under various Gram Panchayats of Panchayat Samiti sayla. Other pariculars of the bid may be visited on the pro curement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in , http://sppp.raj.nic.in) of the state : and notice board of this office .

| Name of Gram Panchayat | approximate value of the procurment | UBIN |
|---|---|---|
| Bishangarh | 50.00 Lakh | ZJR2425GLRC00422 |
| Dadal | 50.00 Lakh | ZJR2425GLRC00421 |
| Tiloda | 50.00 Lakh | ZJR2425GLRC00420 |

**Programme Officer ( EGS ) Cum BDO Panchayat Samiti Sayla ( Jalore )**


# 217 किलो डोडा-पोस्त पकडा, दो तस्कर गिरफ्तार

**डोडा पोस्त से भरी कार को किया जब्त**

**जोधपुर , (कास) ।** जिला ठाामीण पुलिस की जिला विशेष टीम व खेड़ापा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध डोडा-पोस्त से भरी कार पकड़ी है जिसमें 12 कट्टों में 217 किलो से ज्यादा डोडा-पोस्त मिला। पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार है। हालांकि उन्होंने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों का दबोच लिया। पुलिस अब उनसे सप्लायर व विक्रेता के बारे में पूछताछ कर रही है।

ठाामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की बिक्री की रोकथाम के लिए जिले के सभी थानाधिकारियों व जिला विशेष टीम को विशेष निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में जिला विशेष टीम के प्रभारी करणीदान के नेतृत्व में कांस्टेबल पप्पूराम की सूचना पर जिला विशेष टीम व खेड़ापा थानाधिकारी लाखाराम के साथ संयुक्त रूप से ईश्वरनावडा-किंजरी मार्ग पर देर रात्रि नाकाबन्दी की गई। नाकाबन्दी के दौरान एक सफेद रंग की ब्रेजा कार आती हुई दिखाई दी जिसको पुलिस जाब्ता ने रूकने का इशारा किया लेकिन कार चालक ने नाकाबन्दी तोड़कर भागने का प्रयास किया। इस पर जिला विशेष टीम के चालक मदन मीणा ने तत्परता दिखाते हुए सुझबूझ से कार को घेरकर रूकवाया। इसके बाद पुलिस जाब्ता कार में बैठे दोनों तस्करों गिंगाला निवासी बंजरंग पुत्र बंशीलाल बिश्नोई भजननगर लोहावट निवासी मुकेश पुत्र रामलाल बिश्नोई को गिरफ्तार कर लिया। कार की तलाशी ली गई तो 12 कट्टों में 217 किलो 990 ठााम अवैध डोडा-पोस्त मिला। इस पर अवैध डोडा-पोस्त व कार को जब्त कर दोनो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# बच्चों में चश्मे के बढ़ते नंबरों को कम करना अब संभव



जोधपुर में चश्मे के नम्बरों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**जोधपुर, 16 सितम्बर (कासं)।** बच्चों में आखो के चश्मे के नंबर आना एक आम समस्या बन चुकी है। खासतर कोविड महामारी के बाद बहुत सारे बच्चों में चश्मे के नंबर आ गये है। किसी भी बच्चे में चश्मे के नंबर आने के अनेक कारण होते है, जिसमे अनुवाशिंकता और हमारी जीवनशैली प्रमुख होते है। अगर आपके माता या पिता को या निकटदृष्टि दोष जिन्हें है तो उनके बच्चों को भी नंबर आने की संभावना अधिक होती है, अगर बच्चे मोबाइल, लेटलोट, आईपेड पर अधिक समय बिता रहे है तो नंबर आना और तेजी बढने की संभावना होती है। समय समय पर आंखों की जांच और चश्मे के नंबर न लगाया जाय तो आंखों में या मंददृष्टि होनेका जोखिम बढ जाता है।

# आरोपी गिरफ्तार

**बालोतरा, (निसं)।** बालोतरा के निकट जसोल पुलिस ने सोमवार को अवैध रूप से कैमिकल भरे सात ड्रम में 1205 किलोग्राम कीमतन 0एक लाख रूपए बरामद कर एक आरोपी को गिरपतार किया।

जिले में मेगा हाईवे पर संचालित अवैध गतिविधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए दिए गए दिशा-निर्देशानुसार चन्द्रसिंह उनि. थानाधिकारी जसोल के नेतृत्व में पुलिस टीम व जिला स्पेशल टीम के द्वारा सरहद भाखरी खेडा में मेघा हाईवे संयोग होटल के आड में अवैध रूप से कैमिकल खरीद-फरोख्त के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध कैमिकल से भरे कुल 07 ड्रम में 1205 किलोग्राम कीमतन 01 लाख रूपए को बरामद कर कैमिकल चोरी करने की सामग्री पाईप को जब्त किया जाकर आरोपी हिन्दुसिंह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रात्रि कालीन गश्त के दौरान जिला स्पेशल टीम द्वारा दी गई सूचना।

# टॉप दस में शामिल ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**सायला, (निसं)।** पिछले 05 साल से फरार जिले के टॉप दस में शामिल ईनामी आरोपी बाबूलाल को सायला पुलिस द्वारा सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में वांछित व फरार आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आवडदान चारण एवं जालोर वृताधिकारी गौतम जैन के सुपरविजन में सायला थानाधिकारी रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा पुलिस थाना सायला के प्रकरण संख्या 124 दिनांक 20 जुलाई 2019 में वांछित व फरार आरोपी बाबुलाल पुत्र हीराराम, जाति जाट, उम्र 29 साल निवासी पाबुबेरी कारटीया, पुलिस थाना सेडवा जिला बाडमेर को 16 सितम्बर की रात्रि में सरहद बागौडा से दस्तयाब कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई। बता दें कि 20 जुलाई 2019 को तत्कालिन सायला थानाधिकारी राणसिंह मय जाब्ता द्वारा नाकाबंदी के दौरान मौजा सरहद जीवाणा में दो चोरी की फॉर्चूनर गाडीयों को रुकवाकर दोनों गाडीयों में से पृथक-पृथक 244.500 किलोग्राम व 284.800 किलोग्राम गिरफ्तार किया था।

## हुजूर के किरदार में इंसानियत वाला इत्र - मौलाना

**सायला, ( निसं)।** सायला के निकटवर्ती तेजा की बेरी स्थित मदीना मस्जिद में जश्ने-ईद मिलादुनबी पीर सैय्यद जुल्फिकार अली शाह जीलानी व पीर सैय्यद वाजिद अली शाह जीलानी की सरपरस्ती में शानों-शौकत से मनाया गया। बतौर मुकरिर्र खुशुसी मौलाना कमालुद्दीन ने तकरीर करते हुए कहा कि पैगम्बर इस्लाम ने सारी जिंदगी इंसानियत का पाठ पढाया, इसलिए उनकी विलादत को मनाना हमारे लिए अव्वल इबादत हो। मौलाना मोहम्मद रजवी ने भी तकरीर करते हुए कहा कि समाज में पैगम्बर ए इस्लाम की सुन्नतो को आम करने की जरूरत है। मौलाना यूसुफ ने भी तकरीर की। दीजपुर बंगाल से आये सना-खना मुस्तफा मौलाना बाबुल रजा ने एक से बढकर एक हुजूर की शान में नाते पेश की।

जिनमें क्या क्या चुमूँ मैं, हुजूर तेरा मदीना चूम लूँ... पेशकर आशिकाने-रसूल का दिल लूटा।


भाग-7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुये सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

**Energy Department**

NOTIFICATION

Jaipur, August 21, 2024

No. F.20(31)Energy/2023/02347.-M/s Sunfree Energy RJP1 Pvt. Ltd is laying approx. 23.60 KM 220 kV S/C overhead Transmission line on D/C towers from their 200 MW Solar Power Project at Jalore under State Specific Bidding for Rajasthan conducted by Rajasthan Urja Vikas & IT Services Ltd. to be connected to RVPN's 220 kV GSS, Jalore.

The approval of State Government under Section 68 (1) & (3) of the Electricity Act, 2003 has been issued vide Energy Department's letter dated 28.6.2024.

Now, on behalf of the company, RRECL has requested the State Government to issue notification for right of way in respect of approx. 23.60 KM 220 kV S/C overhead Transmission line on D/C towers by M/s Sunfree Energy RJP1 Pvt. Ltd for their 200 MW Solar Power Project at Jalore to be connected to RVPN's 220 kV GSS, Jalore. The matter has been considered at the State Government level and in exercise of powers conferred by Section 164 of Electricity Act, 2003 (Central Act No. 36 of 2003), the State Government for the purpose of placing electric lines or electric plants for the transmission of electricity or for the purpose of telephone or telegraphic communications necessary for the proper coordination of works or for the purpose of construction of approx. 23.60 KM 220 kV S/C overhead Transmission line on D/C towers by M/s Sunfree Energy RJP1 Pvt. Ltd for their 200 MW Solar Power Project at Jalore to be connected to RVPN's 220 kV GSS, Jalore, is hereby authorized M/s Sunfree Energy RJP1 Pvt. Ltd A-4 2nd Floor Green Park Main, New Delhi-110016, under the Indian Telegraph Act, 1885 (Central Act 13 of 1885), subject to compliance of Supreme Court's order and outcome of final decision on the feasibility report by the Committee constituted vide Supreme Court order dated 19.4.2021 and subsequent orders in the matter of GIB. The said line will pass through the following.

| No. | Name of Village/Kasba in English | Name of Village/Kasba in Hindi | Tehsil | Name of District |
|---|---|---|---|---|
| 1. | MedaNichla | मेडा नीचला | Jalore | Jalore |
| 2. | MedaUparla | मेडला उपरला | Jalore | Jalore |
| 3. | Takhtpur | तख्तपुरा | Jalore | Jalore |
| 4. | Bhetala | भैताला | Jalore | Jalore |
| 5. | Maylawas | मायलावास | Jalore | Jalore |
| 6. | Nabi | नवी | Jalore | Jalore |
| 7. | Devda | देवडा | Jalore | Jalore |
| 8. | Narnawas | नरनावास | Jalore | Jalore |
| 9. | Dhawala | धवाला | Jalore | Jalore |
| 10. | Leta | लेटा | Jalore | Jalore |
| 11. | PuranaLeta | पुराना लेटा | Jalore | Jalore |
| 12. | Ratanpura | रतनपुरा | Jalore | Jalore |
| 13. | Kaniwara | कनीवारा | Ahore | Jalore |
| 14. | Bhaglipurahitan | भागलीपुरोहितान | Ahore | Jalore |

By order,
Girdhar
Joint Secretary to Govt.


## सिंधी हास्य नाटक का विमोचन

**जोधपुर, (कासं)।** सिंधी कल्चरल सोसाइटी , जोधपुर द्वारा संस्कृति मंत्रालय,भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से वरिष्ठ रंगकर्मी हरिश देवनानी के मार्गनिर्देशन में आधुनिक सिंधी रंगमंच को मध्य नजर रखते हुए सिंधी हास्य नाटक डैली सोप का मंचन- 29 सितंबर को शाम को 6:30 बजे जयनारायण व्यास स्मृति भवन टाउन हॉल- जोधपुर में किया जाएगा।-इस संबंध में आज बैनर का विमोचन किया गया। साथ ही-एक पेड मां के नाम लगाने का संकल्प भी किया। अध्यक्ष महेश संतानी के अनुसार सिंधी हास्य नाटक का निर्देशन निरंजन असरानी-न्यू सिंधु आर्ट अकादमी मुंबई द्वारा किया गया है। सचिव विजय भगतानी-ने बताया कि मुंबई के प्रख्यात निर्देशक, टी वी कलाकर नीरू आसरानी, जोधपुर के कलाकारों को भी नाट्य की आधुनिक कला का प्रशिक्षण देते हुए मुंबई और जोधपुर के कलाकारों के साथ इस हास्य नाटक का मंचन करेंगे। संयोजक राजेंद्र खिलरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि सिंधी हास्य नाटक डेली सोप हमारे दैनिक जीवन की किताब का एक पन्ना है, जिसमें एक सामान्य परिवार, एक मेहनती व्यवसायी, साहसी पत्नी, एक विवाहित बेटी और एक बेटा है जो भविष्य की बेहतर संभावनाओं के लिए विदेश जा रहा है।

# वेलकम स्पीच,स्टेज प्रोटोकॉल के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र सौंपे

**पाली।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद पाली द्वारा आयोजित कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पीकिंग की 7 दिवसीय कार्यशाला 9 सितंबर से 15 सितंबर को स्पीकिंग स्किल्स,वेलकम स्पीच,स्टेज प्रोटोकॉल,चीफ गेस्ट का स्वागत, टीम वर्क,लीडरशीप क्वालिटी जैसी कलाओं में निपुणता प्रदान करने हेतु आयोजित हुई।कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पीकिंग जोनल ट्रेनर सुश्री शिवानी चोपड़ा,रमेश भन्साली और नेशनल ट्रेनर महावीर भटेवरा यह कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पीकिंग वर्कशॉप के ट्रेनर्स रहे। दिनांक 15 सितंबर रविवार के दिन कार्यशाला का दीक्षांत समारोह अभातेयुप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयेश मेहता की अध्यक्षता में भव्य आगाज हुआ।विजय गीत का संघन महिला मंडल और कन्या मंडल सदस्यों ने किया।

श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन अभातेयुप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कार्यकर्म अध्यक्ष श्री जयेश मेहता किया।तेयूप पाली अध्यक्ष विपिन बांठिया ने सभी का स्वागत किया।अभातेयुप राज्यप्रभारी रोशन नाहर बताया इस सीपीएस कार्यशाला में 33 से अधिक संभागीयो की रजिस्ट्रेशन किया और सभी संभागीयो ने विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी। सभी ने अपने इस कार्यशाला के अनुभवों को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया।सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री महेन्द्रजी बोहरा एवं सीपीएस राष्ट्रीय श्री महावीर भटेवरा, सीपीएस प्रभारी श्री दिनेश मरोठी, शाखा प्रभारी कैलाश तातेड ,पीयूष चौपडा,अरिहंत सुन्देचा, राहुल गोलच्छा निलेश मेहता,प्रदीप चोपड़ा महिला मंडल अध्यक्ष अणुव्रत सीमिति अध्यक्ष एवं दानदाता परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही

इस कार्यशाला को सफल बनाने में संयोजक नैतिक मंडोत,नवीन चौरडिया का सराहनीय श्रम रहा।



कार्यशाला में स्पीकिंग स्किल्स,वेलकम स्पीच प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए।


राजस्थान सरकार

कार्यालय ग्राम पंचायत -डोरडा,पंचायत समिति -जसवंतपुरा जिला -जालोर

क्रमांक -मनरेगा /लेखा /2024-25/191 दिनांक- 15 /09/2024

ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25

पंचायत समिति जसवन्तपुरा के अधीनस्थ ग्राम पंचायत डोरडा के लिए वितिय वर्ष 2024-25 की अवधि(निविदा प्रभावी होने की तिथि से) के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजन मे कराये जाने वाले के कार्यो के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरण की आपुर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एव राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013(आदिनांक संशोधित ) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवा कर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी व्दारा पंजीकत अनुभवी एवं इच्छुक विनिमाता ओ/ विक्रेता(ओ) /फर्मो / संवेदको / आपुर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय सस्थान /उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लैक लिस्टेड नही हो, से निधारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाए आमत्रित कि जाती है ई- निविदा सम्बधित समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई - निविदा ऑनलाइन अपलोड की जा सकती है ।

| क्र.स. | ग्राम पंचायत का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | ऑनलाइन निविदा डाउनलोड कर अपलोड करने की दिनांक व समय | डी डी /बीमी व तकनीकी बिड की हाडकॉपी ग्रा.प.स. डोरडा मे जमा कराने की अतिम दिनांक व समय | कार्यालय ग्राम प.डोरडा मे ऑनलाईन निविदा की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डोरडा | 52.00 | दिनांक 15.09.24 को सुबह 09:00AM से 24.09.2024 को सांय 05:00 PM तक | 25.09.2024 को सुबह 10:30AM तक | 25.09.2024 को दोपहर 12:30 PM तक |

(सरपच) ग्राम पंचायत डोरडा प.स. जसवन्तपुरा (जालोर)

NIB No. ZJR2425A0399
UBN-No. ZJR2425GLRC00670

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत डोरडा प.स. जसवन्तपुरा (जालोर)

# नदी के किनारे खेत में युवक का शव लावारिस हालत में मिला

## युवक की मौत के कारणों का नहीं हुआ खुलासा, जांच शुरु

**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के झाड़ली गांव के पास सहोदरा नदी के किनारे एक बाजरे के खेत में सोमवार को युवक का लावारिस शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक की मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर को सहोदरा नदी के किनारे जंगल में पशु चरा रहे चरवाहों को बाजरे के खेत में जोरदार बदबू आने पर जब चरवाहों ने आसपास देखा तो एक युवक का शव सड़ी-गली हालत में पड़ा मिला। लोगों ने तत्काल लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पुलिस सुरक्षा में लिया। मौके पर पहुंचे पुलिस उपाधीक्षक महेन्द्र मीणा की मौजूदगी में मोबाइल इन्वेस्टिगेशन टीम ने मौके से फोटो वीडियोग्राफी कर बारीकी से साक्ष्य जुटाये। शव की तलाशी लेने पर जेब में मिले पहचान पत्र के आधार पर मृतक युवक की पहचान मुकेश (36) पुत्र रोडू जाट निवासी संवारिया के रूप में की गई।



डीवाईएसपी महेन्द्र मीणा व लाम्बाहरिसिंह थानाधिकारी सूर्यभान सिंह ने मौके पर जाकर जांच की।

मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने शव की शिनाख्त करते हुये बताया कि मृतक मुकेश जाट जो कि ट्रक पर खलासी का कार्य करता था, बीते तीन चार दिन से घर से लापता था, जिसकी तलाश की जा रही थी। उनियारा से लाम्बाहरिसिंह सड़क मार्ग पर झाडली के पास नदी के किनारे खेत में कैसे पहुंचा युवक, कैसे हुई युवक की मौत, परिजनों से मिली जानकारी व मौके से जुटाये साक्ष्यों के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। देर शाम हो जाने के चलते शव को लाम्बाहरिसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। मौके पर मौजूद ग्रामीण व पुलिस अधिकारियों ने शव की क्षत-विक्षत स्थिति एवं उठी दुर्गन्ध के आधार पर युवक की मौत लगभग दो दिन पहले होने का अनुमान लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

- युवक ट्रक पर खलासी का कार्य करता था, तीन-चार दिन से घर से लापता था

# पुष्कर सरोवर के पीछे बना पुल क्षतिग्रस्त हुआ

## स्थानीय प्रशासन ने रास्ता बंद किया


पुष्कर पालिका के कर्मचारियों ने पुल को बंद कर दिया।

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर सरोवर के पीछे बनी पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के कारण इस पर आवागमन बंद कर दिया है। सरोवर के पीछे ब्रह्मा मंदिर और अन्य मार्गों तक परिक्रमा होते हुए रास्ते को बंद कर दिया गया है। पुष्कर पालिका ने बेरिकेटिंग लगाकर रास्ते को बंद कर दिया है। रामपुल के नाम से प्रसिद्ध इस पुल से आवागमन पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण बंद कर दिया है।

इस बार ज्यादा मात्रा में बारिश हुई जिसकी वजह से डूब क्षेत्र में पानी भर गया और ये पुल भी पानी की वजह से धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त हो गया। इस पुल पर दिनभर बजरी, पत्थर के डंपर पुलिस से बचने के लिए निकलते थे। वहीं सुबह चार बजे से अजमेर के लिए बजरी से भरे डंपर निकलते थे। अतिरिक्त भारी वाहन गुजरने और पूल की गुणवत्ता सही नहीं होने के कारण पुल क्षतिग्रस्त हो गया वहीं कोई बड़ी दुर्घटना ना हो इसके पहले ही इसे बंद कर दिया है।

# एसडीएम से बदमाशों ने बदसलूकी व मारपीट की

- एसडीएम ने आरोपियों के फोटो खींच लिए और सुभाष नगर पुलिस को इसकी सूचना दी
- थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर मारपीट करने वाले तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया
- रविवार देर रात एसडीएम सोमनाथ आईबी अफसरों के साथ गश्त पर पैदल जा रहे थे, तब हुई घटना

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर में रविवार रात गश्त पर निकले एसडीएम सोमनाथ से बाइक सवार तीन बदमाशो ने बदसलूकी कर दी। एसडीएम और आईबी के दो अथिकारी साथी मेडिकल कॉलेज के निकट पैदल गशत कर रहे थे। इस दौरान बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनके साथ अभद्रता की और मारपीट भी कर दी। एसडीएम ने आरोपियों के फोटो खींच लिए और तत्काल सुभाष नगर पुलिस को इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर मौके पर पहुंचे और तत्काल मामले में कार्रवाई करते हुए मारपीट करने वाले तीनों युवकों को कुछ दूरी पर ही गिरफ्तार कर लिया।

सीओ सदर श्यामसुंदर ने बताया कि मौके पर पहुंचकर एसडीएम सोमनाथ से घटना की जानकारी ली। तीनों बदमाशों की फोटो देख कर तुरंत कारवाई की। कुछ दूरी पर बाइक सवार तीनों बदमाश पकड़े गए। उनके खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार देर रात एसडीएम सोमनाथ मेडिकल कॉलेज के सामने आईबी अफसरों के साथ गश्त पर पैदल ही जा रहे थे। इस दौरान बाइक पर तीन युवक आए। उन्होंने शराब पी रखी थी। उनसे सवाल किया तो वे बदतमीजी करने लगे। मामला इतना बढ़ गया कि वे बाइक से उतरे और एसडीएम व दोनों साथी अधिकारियों के साथ उलझ गए। उन्होंने हाथापाई की। सांगानेर में तनाव की स्थिति के बीच एसडीएम इलाके का जायजा लेने रात में निकले थे। एसडीएम व पुलिसकमी अपने वाहन के पास कुछ दूरी पर पैदल चल रहे थे। इस दौरान यह वारदात हुई। मारपीट में आईबी के एक अधिकारी को सिर पर मामूली चोट आई है। एक की कमर पर लकड़ी से वार किया गया।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** नाबालिग से गैंगरेप के मामले में दो महीने से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी टॉप 10 की सूची में शामिल है। यह कार्रवाई उदय मोड़ थाना पुलिस ने की है। पीडिता के पिता ने 4 जुलाई को उदय मोड़ थाना पुलिस में शिकायत दी थी कि उसकी नाबालिग बेटी को एक लड़का तंग करता है।

आरोपी बेटी को बहला फुसलाकर गंगापुर सिटी में अपने कमरे पर ले गया और अपने दोस्त के साथ मिलकर दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपी बेटी को घर छोड़कर चले गए। पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा के सुपरविजन में तथा पुलिस उपाधीक्षक अरविन्द कुमार गंगापुर सिटी के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों को पकड़ने के लिए जगह-जगह दबिश दी। पुलिस टीम ने गैंगरेप के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# सायबर ठगी के आरोप में सात गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से 14 मोबाइल व 20 फर्जी सिम कार्ड जब्त किए
- विधि से संघर्षरत तीन किशोरों को भी निरूद्ध किया गया

**जुरहरा/भरतपुर, (निसं)।** पुलिस ने सायबर ठगी के आरोप में सात जनों को गिरफ्तार किया है। वहीं विधि से संघर्षरत तीन किशोरों को भी निरूद्ध किया गया।

जानकारी के अनुसार जिला डीग में सोशल मीडिया पर पैन्सिल पैकिंग का जॉब दिलाने, रेलवे में 30 हजार रूपये मासिक वेतन पर जॉब दिलाने, सस्ते दामों में ट्रैक्टर-गाड़ी व हार्डवेयर का सामान बेचने का विज्ञापन डालकर तथा जे.जे. कम्यूनिकेशन एप पर गिफ्ट देने के नाम पर लोगों को निशाना बनाने, भोले-भाले लोगों से सैक्स चेट व वीडियो कॉल कर उनका न्यूड वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर ठगी करने के आरोप में जुरहरा थाना पुलिस ने स्पेशल टीम की मदद से सायबर ठगी के आरोप में 7 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए तीन किशोरों को भी निरूद्ध किया है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 14 एण्ड्रोईड मोबाइल फोन व 20 फर्जी सिम कार्ड भी जब्त किए हैं।


पुलिस ने सायबर ठगी के आरोप में सात जनों को गिरफ्तार किया।

जुरहरा थानाधिकारी योगेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि एन्टी वायरस अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सोमवार को रेंज स्पेशल टीम के सदस्य कांस्टेबल अभिमन्यु की सूचना पर ग्राम थलचाना से सामदीका की ओर जाने वाले रास्ते पर सैक्स चेट व वीडियो कॉल कर भोले-भाले लोगों की न्यूड वीडियो बना वायरल करने की धमकी देने, घर बैठे पैन्सिल पैकिंग करने का जॉब देने, रेलवे में 30 हजार रूपये मासिक वेतन की नौकरी दिलवाने, सस्ते दामों में ट्रैक्टर अन्य वाहन व हार्डवेयर का सामान बेचने का विज्ञापन डालकर तथा जे.जे. कम्यूनिकेशन एप पर गिफ्ट देने के नाम पर सायबर ठगी करने के आरोप में जुबैर पुत्र जुहुरदीन मेव, सैकुल पुत्र जाकर मेव, आकिल पुत्र जैकम मेव, सुबदीन पुत्र जुहुरू, इंसाफ पुत्र मजलस मेव , वसीम पुत्र जीतू उर्फ अब्दुल रहमान मेव निवासी ग्राम खेंचातान थाना जुरहरा, जुबैर पुत्र हाकम मेव निवासी ग्राम बिलंग थाना कामां को गिरफ्तार किया गया है तथा विधि से संघर्षरत 3 किशोरों को भी निरूद्ध कर उन सभी के कब्जे से 14 एण्ड्रोईड मोबाइल फोन व 20 फर्जी सिम कार्ड जब्त किये गए हैं।

# दो मकानों से नगदी सहित लाखों के आभूषण चोरी

**नदबई, (निसं)।** नदबई क्षेत्र के गांव भदीरा में अज्ञात चोर जिला परिषद सदस्य जवाहर सिंह सहित एक अन्य दिनेश कुमार के कमरे का ताला तोड़कर नगदी सहित लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ितों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच कर अज्ञात चोरों का सुराग लगाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार भदीरा निवासी दिनेशचंद पुत्र जोरमल अपने परिजनों के साथ कमरे में सो रहा था। इसी दौरान अज्ञात चोर ताला तोड़कर मकान में घुस गया। बाद में दो अलग-अलग कमरों में रखी अलमारी से करीब 80 हजार की नगदी सहित लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गया। इसी प्रकार जिला परिषद सदस्य जवाहर सिंह के कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर अलमारी में रखी नगदी सहित अन्य घरेलू सामान चोरी कर फरार हो गया। तड़के करीब पांच बजे घर का सामान बिखरा देख पीड़ित लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

**अजमेर में मोबाइल छीनकर बदमाश फरार :-** क्रिश्चियन गंज थाना इलाके में अज्ञात बदमाश राह चलते एक व्यक्ति के हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गया। इस संबंध में पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी। है। पुलिस ने बताया कि कुएं के पास दाता नगर निवासी प्रवीण कनौजिया पुत्र पुत्र रमेश चंद कनौजिया ने शिकायत दी है कि 11 सितंबर की शाम को वह सिटी हॉस्पिटल के पास मोबाइल पर बात करते हुए जा रहा था। तभी पीछे से बाइक पर सवार होकर आए बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया और लेकर फरार हो गया।

## नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ का आरोप

**अजमेर, (कासं)।** रामगंज पुलिस थाना क्षेत्र स्थित इलाके में एक नाबालिग किशोरी के साथ छेडछाड़ करने और उसका पीछा करके परेशान करने का मामला सामने आया है। रामगंज थाना पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित भारतीय न्याय संहिता की धारा में मुकदमा मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। रामगंज थाना पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली पीड़ित किशोरी के पिता ने रविवार को थाने को शिकायत दी है कि उसकी नाबालिग पुत्री 14 सितंबर को घर की तरफ आ रही थी। इस दौरान भानूप्रताप ने उसके साथ छेड़छाड़ की और उसे परेशान किया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच थाना प्रभारी रविंद्र सिंह खींची ने स्वयं शुरू कर दी है।

# अलग-अलग मामलों में सात जने गिरफ्तार

## एरिया डोमिनेशन अभियान में पुलिस ने कार्रवाई की

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** एसपी सुजीत शंकर के निर्देशन में सोमवार को तीन थानों के थानाधिकारी और करीब 45 जवानों के द्वारा शहर में एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। इस दौरान अलग-अलग मामलों में पुलिस ने सात जनों को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि स्मैक एक्ट, गणेश मेले सहित अन्य त्योहारों के दौरान क्षेत्र में कानून व्यवस्था, शांति बनाए रखने के लिए सोमवार को उनके निर्देश पर एएसपी राकेश राजौरा व पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार के सुपरविजन में एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध स्थानों को पहले चिन्हित किया गया था। साथ ही कोतवाली थानाधिकारी जितेन्द्र के अलावा उदेई मोड के थानाधिकारी नरेश पोसवाल और सदर थाने के पन्नालाल के नेतृत्व में 15-15 जवानों की टीम गठित की गई थी। साथ ही एक टीम डीएसटी व अतिरिक्त जाप्ते के साथ नियुक्त की गई और उक्त टीम द्वारा रास्तों के प्रवेश व निकास पर निगरानी करते हुए प्रभावी कार्रवाई की। एरिया डोमिशन अभियान के तहत संदिग्ध स्थानों नसिया कॉलोनी, महु क्षेत्र आदि जगहों पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।


गंगापुर सिटी में पुलिस ने सात जनों को गिरफ्तार किया।


अभियान के तहत हॉस्टलों में बच्चों के मोबाइल की जांच की गई, साथ ही सभी को किसी भी अजनबी या संदिग्ध जनों को अपने कमरे पर नहीं ठहरने देने के लिए पाबंद किया। अभियान के दौरान चोरी, स्मैक, चालान शुदा सहित करीब 15 से 16 जनों के घर दबिश दी गई और सात जनों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान संदिग्ध कृष्णा बांसरोटा के मकान पर भी दबिश दी गई। साथ ही अभियान के दौरान लोगों को समझाइश की गई।

## दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**नदबई, (निसं)।** क्षेत्र के गांव ऊँच में जमीनी विवाद के चलते एक अधेड़ से मारपीट कर हत्या प्रयास करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार ऊँच निवासी लोकेश उर्फ लुक्का पुत्र पूरनसिंह कचेरा को मुखबिर की सूचना पर गांव से गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि करीब दो साल पहले ऊँच निवासी जगदीश शर्मा ने जमीनी विवाद में मारपीट कर हत्या प्रयास करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया था। बाद में पुलिस ने जांच कर दीपचंद कचेरा व जयप्रकाश कचेरा पुत्र पूरन सिंह कचेरा को पहले गिरफ्तार किया, जबकि, लोकेश उर्फ लुक्का कचेरा को देर रात थाना प्रभारी दौलत साहू के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने गिरफ्तार किया।

# गंभीर नदी में नहाने गया किशोर डूबा, सुराग नहीं लगा

## किशोर डूबने लगा तो, उसके भाई व अन्य दोस्तों ने बचाने का भी प्रयास किया


पुलिस ने एसडीआरएफ टीम के साथ पानी में डूबे किशोर की तलाश शुरु की।

**रुदावल/भरतपुर, (निसं)।** नगला बोसोली-सूपरा की सपाट स्थित गंभीर नदी में एक किशोर डूब गया। किशोर अपने दोस्तों के साथ गंभीर नदी में नहाने गया था, जब वह डूबने लगा तो, उसके भाई व अन्य दोस्तों ने बचाने का भी प्रयास किया, लेकिन किशोर पानी में डूबता चला गया। इसके बाद साथियों ने गांव में जाकर किशोर प्रवीण के डूबने के बारे में बताया।

सूचना के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से किशोर को नदी में तलाश किया, लेकिन उसका अभी तक कुछ पता नहीं लग पाया है। सूचना मिलने पर एसडीएफआर की टीम ने मौके पर पहुंचकर नदी में सर्च आपरेशन चलाकर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। रुदावल थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि गांव कुरका निवासी प्रवीण (15) पुत्र प्रेमसिंह जाटव अपने बड़े भाई लोकेश व अन्य दोस्तों के साथ गांव नगला बोसोली-सूपरा के बीच होकर निकल रही गंभीर नदी में नहाने गया था। दोपहर करीब डेढ़ बजे प्रवीण जब अपने दोस्तों के साथ गंभीर नदी में नहा रहा था तो अचानक डूबने लगा तो उसके भाई लोकेश व अन्य साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन प्रवीण पानी में डूबता चला गया। सूचना मिलने पर उच्चैन सीओ अनिल डोरिया, रुदावल थाना प्रभारी नरेन्द्र राजावत व गहनोली मोड थाना प्रभारी उदयचंद मीणा पुलिस जाब्ता के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया। एसडीआरएफ ने शाम करीब चार बजे पानी में डूबे किशोर की तलाश शुरु की गई, देर शाम तक किशोर का कुछ पता नहीं लग पाया है।

## पानी में तैरता मिला युवक का शव

- फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करने के बाद शव की पहचान हुई

**सरवाड़, (निसं)।** सरवाड़ शहर के निकटवर्ती ग्राम चडाली गांव में फार्म पोंड में अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। ग्रामीणों ने सरवाड़ पुलिस को सूचना दी। इसके बाद थाना प्रभारी सत्यवान मीणा पुलिस जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकालकर सरवाड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

मृतक की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करने के बाद शव की पहचान हो पाई। इसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार चडाली गांव की महिलाएं जब चारा लेने गई तो उधर ही रामपालि गांव जाने वाले रास्ते पर खेतों में बने मेहताजी फॉर्म पोंड में पानी के अंदर शव तैरता हुआ दिखा। उसके बाद गांव में घटना की जानकारी दी। इसके बाद मौके पर आसपास के ग्रामीण जमा हो गए। ग्रामीणों ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। वहीं शव दो दिन पुराना बताया जा रहा था। पानी में तैरते हुए शव के कपड़े नहीं थे। पुलिस ने शव की पहचान करने के तहत सरवाड़ थाना प्रभारी को सूचना दी गई। इस दौरान क्षेत्र के प्रमुख ग्रुपों में मृतक की फोटो शेयर की। सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करने के बाद थोड़ी देर बाद ही पहचान हो पाई।

मृतक छीतर गांव सरसडीं के रूप में हुई। मृतक दो दिन पहले गाय चराने गया हुआ था जो वापस घर नहीं आया। उसके बाद परिजनों ने काफी तलाश की मगर छीतर नहीं मिला घटना की जानकारी जब परिवारों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। गांव के लोगों ने सरवाड़ पुलिस को जानकारी दी और बड़ी संख्या में लोग सरवाड़ पहुंच गए। मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजन को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। परिजनों ने छीतर ट्रक ड्राइवर है अभी गांव में ही रह रहा था और अभी खेती-बाड़ी का काम कर रहा था।

# टावर पर चढ़ा युवक, समझाइश पर उतरा


कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक अपनी पत्नी के छोड़कर नाते चले जाने और ससुर द्वारा सामाजिक फैसला नहीं करने को लेकर नाराज था।

जानकारी के अनुसार कच्ची बस्ती निवासी दिनेश (28) पुत्र रामलाल बैरवा सोमवार को मोबाइल टावर पर चढ़ गया। सुबह करीब 9.45 बजे के आसपास दिनेश टावर पर चढ़ा और करीब साढ़े ग्यारह बजे इसे मनाकर टावर से नीचे उतारा गया। दिनेश का कहना है कि करीब डेढ़ साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर नाते चली गई थी। ससुर भी सामाजिक फैसला नहीं कर रहा है। वह कई बार इसके लिए प्रयास कर चुका है, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसी के चलते आज वह टावर पर चढ़ गया। उधर, दिनेश के टावर से उतरने के बाद कोतवाली पुलिस उसे पकड़कर थाने ले गई। पुलिस का कहना है कि युवक दिनेश शराब पीकर टावर पर चढ़ा था। पुलिस के साथ-साथ माता-पिता के आश्वासन पर ही वह टावर से नीचे उतरा पुलिस मामले की अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई है।



मैं गुकेश को इस टूर्नामेंट में बहुत अच्छा खेलते हुए देख रहा हूं। वह विश्व चैम्पियनशिप में शायद मुझ से ज्यादा जीत का दावेदार है। अभी उसकी रेटिंग भी मुझसे अधिक है। पिछले साल के मुकाबले में मेरे खेल में काफी गिरावट आयी है।
-डिंग लिरेन

चीन के शतरंज खिलाड़ी, गुकेश की प्रशंसा की।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** **यशस्वी जायसवाल**



**यशस्वी** ने अभी तक भारत के लिए 9 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 68.53 की औसत से और 70.07 के स्ट्राइक रेट से कुल 1028 रन बनाए हैं। जायसवाल के बैट से तीन शतक और चार फिफ्टी भी निकल चुकी हैं। इसमें एक डबल सेंचुरी भी शामिल हैं।वहीं मैक्कुलम ने साल 2014 में टेस्ट क्रिकेट में कुल 33 छक्के लगाए थे। 10 साल में मैक्कुलम के इस रिकॉर्ड के करीब तो बेन स्टोक्स पहुंचे, लेकिन ये रिकॉर्ड आजतक कोई नहीं तोड़ पाया है। एक और ऐसा नया रिकॉर्ड बनाने का भी, जहां तक पहुंच पाना किसी बैटक के लिए आसान नहीं होगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल का रंगीन टीवी पर प्रसारण 1974 में जर्मनी में हुए विश्व कप से शुरू हुआ।

## भारत एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी के फाइनल में

### सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया, कप्तान हरमनप्रीत ने 2 गोल किए, फाइनल आज चीन से होगा




हुलुनबुइर 12 सितंबर। गत चैंपियन भारतीय हॉकी टीम ने सोमवार को दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। भारत की टूर्नामेंट में यह लगातार छठी जीत हैं। मंगलवार को फाइनल में भारतीय टीम का मुकाबला चीन से होगा। आज यहां खेले गये सेमीफाइनल के पहले क्वॉर्टर में भारतीय टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उत्तम सिंह ने 13वें मिनट में भारत के लिए पहला गोल दागा। इसके बाद दूसरे क्वॉर्टर की शुरुआत में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर भारत की बढ़त को 2-0 कर दिया।

हॉफ टाइम के बाद तीसरे क्वॉर्टर की शुरुआत में ही जरमनप्रीत सिंह ने 27वें मिनट में हवाई शॉट को रोकते हुए गेंद को गोल में डाल दिया। इसी दौरान कोरियाई टीम की ओर से यंग जी हुन ने एक गोल किया गया। तीसरे क्वॉर्टर के आखिरी सेकंड में कोरिया के गोलकीपर ने एक भूल के कारण भारत को पेनल्टी कार्नर मिला। हरमनप्रीत सिंह ने 46वें मिनट में इसे भुनाते हुए भारत के लिए चौथा गोल किया। चौथे क्वार्टर में भारत ने अपने आक्रामक खेल को जारी रखा। इस दौरान भारतीय टीम ने गोल करने के तीन मौके गवांये। भारत इस जीत के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गया है जहां मंगलवार को उसका सामना चीन की टीम से होगा।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो वायरल संक्रमण से पीड़ित

बगदाद, 16 सितंबर। क्रिस्टियानो रोनाल्डो वायरल संक्रमण से पीड़ित है और वह इराक के अल शॉर्टा में अल नासर की टीम के लिए एशियाई चैंपियंस लीग के सोमवार को होने वाले उद्घाटन मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। सऊदी अरब की टीम ने अल नासर ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किए गए बयान में कहा, अल नासर के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो आज ठीक महसूस नहीं कर रहे थे और वह वायरल संक्रमण से पीड़ित है। उन्होंने कहा कि टीम के चिकित्सक ने उनके वायरल से संक्रमित होने की पुष्टि की है कि उन्हें आराम की जरूरत है, वह टीम के इराक नहीं जायेंगे। हम कप्तान के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते है।

## लैमिन यामल के दो गोल की बदौलत बार्सिलोना ने गिरोना को 4-1 से हराया

गिरोना (स्पेन), 16 सितंबर। लैमिन यामल के दो गोलों की बदौलत स्पैनिश ला लीगा में बार्सिलोना ने फुटबॉल क्लब गिरोना को 4-1 से हराया दिया है। इसी के साथ टूर्नामेंट में यह उसकी लगातार पांचवीं जीत हैं। रविवार को खेले गये मुकाबले में यामल ने पहले हॉफ के 30वें और 37वें मिनट में गोल कर बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। मध्यांतर के तुरंत बाद दानी ओल्मो ने गोल दागकर अपनी टीम बढ़त को 3-0 कर दिया। बार्सिलोना के लिए पेड्री ने 64वें मिनट में चौथा गोल किया। गिरोना के लिये स्थानापन्न क्रिस्टियन स्टुआनी ने 80वें मिनट में सांत्वना गोल किया। खेल समाप्त होने से छह मिनट पहले फारवर्ड फेरान टोरेस को यासर एस्प्रीला पर एक खराब स्टड-अप चुनौती के लिए लाल कार्ड दिखाया गया और बार्सिलोना की टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था। इस जीत के साथ बार्सिलोना 15 अंकों के साथ ला लीगा में शीर्ष पर है, वह रियल मैड्रिड और विलारियल से चार अंक आगे है। वहीं गिरोना सात अंकों के साथ सातवें स्थान पर है।

## आईओसी के अध्यक्ष पद की दौड़ में सात उम्मीदवार

लॉजेन, 16 सितंबर। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने सोमवार अध्यक्ष पद के सात उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। वर्तमान प्रमुख थॉमस बाख के उत्तराधिकारी के रूप में 10वें आईओसी अध्यक्ष पद के लिए एचआरएच प्रिंस फैसल अल हुसैन, क्रिस्टी कोवेंट्री, जोहान एलियाश, डेविड लैपर्टिएंट, सेबेस्टियन कोए, जुआन एंटोनियो समरंच जूनियर और मोरिनारी वातानावे उम्मीदवार हैं। आईओसी के अनुसार सभी उम्मीदवार जनवरी 2025 में स्विट्जरलैंड के लॉजेन में होने वाली बैठक में आईओसी के पूर्ण सदस्यों के समक्ष अपनी योजना प्रस्तुत करेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाख ने पेरिस ओलंपिक के अंतिम सप्ताह के दौरान कहा था कि वे आईओसी चार्टर की अधिकतम 12 वर्ष की अध्यक्षता सीमा का पालन करते हुए तीसरे कार्यकाल का प्रयास नहीं करेंगे। उनका कार्यकाल 2025 में समाप्त हो रहा है।

## श्रीलंका के दुनिथ और हर्षिता अगस्त माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी




दुबई,16 सितंबर। श्रीलंका पुरुष क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर दुनिथ वेलालागे और हर्षिता समरविक्रमा को महिला वर्ग में शानदार प्रदर्शन के लिए अगस्त माह के प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार से नवाजा गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार को श्रीलंका के दुनिथ वेलालगे और हर्षिता समरविक्रमा को अगस्त माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया। श्रीलंका के युवा ऑलराउंडर वेलालागे ने दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स को पीछे छोड़ते हुए यह पुरस्कार हासिल किया है। दूसरी तरफ महिला वर्ग में यह पुरस्कार हर्षिता ने आयरलैंड की ओर्ला प्रेंडरगैस्ट और गैबी लुईस को पछाड़ते हुए यह पुरस्कार जीता है। ऑलराउंडर वेल्लालागे में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने सीरीज के पहले एकदिवसीय मैच में नाबाद 67 रन की पारी खेली और गेंदबाजी में रोहित शर्मा और शुभमन गिल के विकेट लिये थे। इसके बाद दूसरे मैच उन्होंने 39 रन बनाए तथा सीरीज के तीसरे मुकाबले में उन्होंने पांच विकेट चटकाये थे। उन्होंने इस सीरीज में 108 रन बनाये और कुल सात विकेट लिए थे। वहीं महिला वर्ग में समरविक्रमा ने आयरलैंड के खिलाफ दो टी-20 मैचों में (नाबाद 86) और (65) रन बनाए थे। इसके बाद एकदिवसीय सीरीज में उन्होंने 19, 105 और (नाबाद 48) का स्कोर किया था। यह इस वर्ष में दूसरी बार है जब एक ही देश के पुरुष और महिला वर्ग में यह प्लेयर ऑफ द मंथ पुरुस्कार जीता है। यह पांचवीं बार जब श्रीलंका की पुरुष टीम के खिलाड़ी ने यह पुरस्कार जीता है। इससे पहले जून के लिए भारत के जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना ने ये सम्मान हासिल किया था। वेलालागे ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा कि यह मेरे लिये अच्छी खबर है यह एक खिलाड़ी के रूप में अच्छा खेलने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## न्यूजीलैंड से टेस्ट श्रृंखला के लिए ओशादा फर्नांडो श्रीलंका की टीम में



कोलंबो, 16 सितंबर। श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के साथ होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए 18 महीनों से बाहर चल रहे बल्लेबाज ओशादा फर्नांडो को टीम में शामिल किया हैं। श्रीलंका के चयनकर्ताओं ने न्यूजीलैंड के साथ होने वाले दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। धनंजय डी सिल्वा की कप्तानी में यह श्रृंखला खेली जायेगी।

दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गई श्रीलंका ए टीम में शानदार प्रदर्शन करने वाले ओशादा को जगह दी गई है। इस 32 वर्षीय बल्लेबाज ने 21 टेस्ट में 122 तथा 80 रन की पारी खेली और उन्हें प्लेयर-ऑफ-द-मैच से नवाजा गया। वहीं इंग्लैंड का दौरे पर गये खिलाड़ियों में से तेज गेंदबाज ऑलराउंडर निसाला थारका और तेज गेंदबाज कसुन राजिथा को बाहर रखा गया है।

दोनों टेस्ट गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जायेंगे और पहला टेस्ट 18 सितंबर से शुरू होगा। वहीं सीरीज का दूसरा मुकाबला 26 सितंबर से खेला जाएगा। न्यूजीलैंड की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में इस समय तीसरे पायदान पर तथा श्रीलंका टीम पांचवें स्थान पर मौजूद हैं।

श्रीलंका की टेस्ट टीम इस प्रकार है:-धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांदीमल, कामिंडू मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, ओशादा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, प्रभात जयसूर्या, रमेश मेंडिस, जेफरी वेंडरसे और मिलन रथनायके मौजूद होंगे।

## भारतीय पुरूष टीम ने अजरबैजान को हराया

नई दिल्ली, 16 सितम्बर। शानदार फॉर्म में चल रहे विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय पुरूष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के पांचवें दौर में अजरबैजान को 3-1 से हराया। गुकेश ने अइदिन सुलेमानी को और अर्जुन ने रऊफ मामेदोव को हराया। शानदार फॉर्म में चल रहे विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय पुरूष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के पांचवें दौर में अजरबैजान को 3-1 से हराया। गुकेश ने अइदिन सुलेमानी को और अर्जुन ने रऊफ मामेदोव को हराया। महिला वर्गमें ग्रैंडमास्टर डी हरिका को बीबीसारा असाउबायेवा के खिलाफ अप्रत्याशित पराजय झेलनी पड़ी। वंतिका अग्रवाल ने अलुआ नूरमैन को हराया, जबकि दिव्या देशमुख ने जेनिया बालाबायेवा से ड्रॉ खेला।

## आईसीसी पैनल में सलीमा पहली पाकिस्तानी महिला अंपायर

### सिर्फ मेरी नहीं, हर पाक महिला की जीत, जो सपना देखती है : सलीमा



नई दिल्ली, 16 सितम्बर। सलीमा इम्तियाज पाकिस्तान की पहली महिला अंपायर बन गई हैं, जिन्हें अंपायर पैनल में शामिल किया है। 52 साल की सलीमा मुल्तान में पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका (विमेंस) के बीच होने जा रही टी-20 सीरीज में अंपायरिंग करेंगी।

सलीमा ने मीडिया से कहा- यह सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि पाकिस्तान की हर महिला क्रिकेटर और अंपायर की जीत है। मुझे उम्मीद है कि मेरी सफलता उन महिलाओं को प्रेरित करेगी, जो खेल में अपनी पहचान बनाने का सपना देखती हैं। सलीमा ने कहा, जब से कायनात ने इंटरनेशनल डेब्यू किया है, तब से मेरा खुद का सपना इंटरनेशनल लेवल में देश को रिप्रेजेंट करना रहा है। मुझे एशियन क्रिकेट काउंसिल के साथ अवसर मिले हैं, लेकिन बड़े लेवल पर अंपायरिंग करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है।

सलीमा ने साल 2008 में अंपायरिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद 2022 में विमेंस एशिया कप और 2023 में इमर्जिंग एशिया कप होंग कोंग में उन्होंने अंपायरिंग की थी। सलीमा ने अब तक 22 टी-20 मैचों में कप्तानी की है, जिसमें 16 ऑन फील्ड अंपायरिंग है, जबकि 6 मैच टीवी अंपायर के रूप में है।

राजधानी

## ''घर-घर जनसंपर्क महाअभियान'' आज से : डॉ अरूण चतुर्वेदी

- '17 से 19 सितंबर तक चलने वाले जनसंपर्क अभियान के तहत सभी 200 विधानसभाओं में भाजपा के वरिष्ठ नेता करेंगे प्रवास'
- 'सीएम भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड सहित प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी बूथ स्तर पर करेंगे जनसंपर्क'

**जयपुर।** भाजपा सदस्यता अभियान के तहत ''घर-घर जनसंपर्क महाअभियान'' 17 से 19 सितंबर तक प्रदेश की सभी 200 विधानसभाओं में एक साथ चलाया जाएगा। भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित भाजपा के प्रदेश से लेकर जिला पदाधिकारियों द्वारा बूथ पर जाकर घर-घर जनसंपर्क किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सांगानेर विधानसभा में बूथ पर जाकर जनसंपर्क करेंगे। इसके लिए भाजपा के सभी पदाधिकारियों के प्रवास कार्यक्रम तय कर दिए गए है।

अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि सदस्यता अभियान महाजनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा वरिष्ठ नेताओं द्वारा विभिन्न बूथों पर संपर्क कर आमजन को सदस्यता ग्रहण करवाएंगे। वहीं अभियान को लेकर बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही महा जन संपर्क अभियान में प्रवास के दौरान शेष बचे बूथों पर जिला, मंडल पदाधिकारी व टोली के 2-2 सदस्यों की टीम बनाकर प्रवास कार्यक्रम तय करेंगे।

चतुर्वेदी ने बताया कि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह बगरू विधानसभा क्षेत्र में, मुकेश दाधीच किशनपोल एवं झुंझुनूं विधानसभा, संतोष अहलावत रामगढ विधानसभा, नारायण पंचारिया पोकरण विधानसभा क्षेत्र, मोतीलाल मीणा कोटा देहात की पीपलदा विधानसभा, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी श्रीगंगानगर विधानसभा , जितेंद्र गोठवाल खंडार विधानसभा क्षेत्र में जाकर बूथ स्तर पर जनसंपर्क करेंगे। इसी तरह प्रदेश मंत्री, जिला प्रभारी, जिला संयोजक, जिलाध्यक्ष के साथ पूर्व मंत्री और पूर्व पदाधिकारियों को भी विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है।

भाजपा सदस्यता अभियान के सह संयोजक मोती लाल मीणा ने बताया कि अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी सिविल लाइंस विधानसभा में अपने बूथ पर जनसंपर्क करेंगे। मीणा ने बताया कि भाजपा के सदस्यता अभियान के प्रति आमजन में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सदस्यता ग्रहण करने के बाद देशभर में लोग भाजपा से जुड़ते जा रहे है।

अभियान में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से लेकर भाजपा के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, सरकार के मंत्री, विधायकों, सांसदों के साथ सभी जनप्रनिधियों द्वारा सदस्य बनाए जा रहे है। भाजपा की रीति और नीति के साथ भाजपा की विचारधारा को समझाते हुए आमजन को सदस्यता ग्रहण करवाई जा रही है।

## 'भाजपा आज से देशभर में मनाएगी सेवा पखवाड़ा'

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार से देशभर में ''सेवा पखवाड़े'' का आगाज करेगी। सेवा पखवाड़े में 25 अक्टूबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाते हुए ''सेवा परमो धर्म'' को चरितार्थ करते हुए सेवा कार्य करेगी।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि मंगलवार 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोदी की जीवनी आधारित प्रदर्शनी से सेवा पखवाडे का आगाज किया जाएगा। प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रातः 10.30 करेंगे।




**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे सोमवार को सी स्कीम स्थित महाराष्ट्र भवन में आयोजित सार्वजनिक गणेशोत्सव में पहुंचे। उन्होंने महाराष्ट्र के जयपुर रहने वाले लोगों से संवाद किया। वहीं उन्होंने जयपुर महाराष्ट्र मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों का भी अवलोकन किया। बाद में बागडे ने वहां स्थापित भगवान श्री गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने गणेशजी की आरती उतारते हुए राष्ट्र तथा राज्य की समृद्धि और सम्पन्नता की कामना की।**

## अवैध रिफिलिंग सेंटर से 31 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में रसद विभाग के प्रवर्तन जांच दल ने जयपुर के पालड़ी मीणा स्थित एक मकान में संचालित अवैध रिफिलिंग सेंटर कार्रवाई को अंजाम दिया। जिला रसद अधिकारी त्रिलोक चंद मीणा ने बताया कि प्रवर्तन दल ने मौके से 2 मोटर, दो इलेक्ट्रॉनिक कांटा एवं 31 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किये हैं। प्रवर्तन अधिकारी अरविंद सिंह शेखावत बताया कि अवैध रिफिलिंग सेंटर में घरेलू गैस सिलेंडर से कार एवं ऑटो में गैस की अवैध रीफिलिंग की जाती थी। सूचना पर प्रवर्तन दल ने कार्रवाई करते हुए 15 खाली एवं 16 भरे सहित कुल 31 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किये हैं। जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी गौरा मीणा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



**रसद विभाग के प्रवर्तन जांच दल ने जयपुर के पालड़ी मीणा स्थित एक मकान में संचालित अवैध रिफिलिंग सेंटर में कार्रवाई को अंजाम दिया।**

## संगीता गर्ग कॉओर्डिनेटर नियुक्त



**जयपुर।** हरियाणा में होने वाले चुनाव के मद्देनज़र कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने संगीता गर्ग को फ़रीदाबाद लोकसभा की तिगांव विधानसभा का कॉओर्डिनेटर नियुक्त किया गया है । संगीता गर्ग ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर शीर्ष नेतृत्व की आंकाशाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करुंगी।

## सामाजिक मंच पर भामाशाहों को मिले सम्मान : मदन राठौड़

- गुलाब चंद कटारिया राजनीति के गुरु, आज के राजनेताओं को कटारिया से सीखने की जरूरत : मदन राठौड़
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने पाली में एक समारोह में की शिरकत

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने सोमवार को पाली में श्री गुरू पुष्कर जैन साधना केंद्र संस्थान के नए भवन और भोजन कक्ष के शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में भामाशाह परिवार का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पंजाब राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए किया गया दान कभी व्यर्थ नहीं जाता। धन कमाने से कोई इंसान महान नहीं बनता, बल्कि जो व्यक्ति सामाजिक सरोकार में धन लगाता है वह महान कहलाता है। उस इंसान के जाने के बाद भी लोग उनके किए गए कार्यों के लिए उसे याद करते हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने संस्थान के नए भवन और भोजन कक्ष का शिलान्यास में सहयोग करने वाले भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया और कहा कि पाली परिवार द्वारा शिलान्यास कार्यक्रम में जो मान-सम्मान दिया गया, उसके लिए दिल से आभार एवं धन्यवाद। समाज के कल्याण में भामाशाहों की बड़ी भूमिका है। ऐसे में समाजिक मंच पर भामाशाहों का सम्मान भी अवश्य होना चाहिए। राठौड़ ने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गुलाब चंद कटारिया को राजनीति के गुरू बताते हुए कहा कि आज के राजनेताओं को गुलाबचंद कटारिया से राजनीति सीखनी चाहिए। कटारिया का व्यक्तित्व किसी साधु से कम नहीं है। इनका आदर्श जीवन और आदर्श व्यवहार युवा पीढी के लिए प्रेरणादायक है।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद पुष्प जैन, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, अशोक कुमार कवाड़, केवलचंद कवाड़, हुकमीचंद मेहता भी मंच पर मौजूद रहे। इनका आयोजकों की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सुकनराज संचेती, मांगीलाल गांधी, नेमीचंद चौपड़ा, एसपी चौपड़ा सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।



# मु.मंत्री ने अलवर में सरसंघ चालक मोहन भागवत से मुलाकात की

■ मुख्यमंत्री भजनलाल, रामगढ़ विधायक जुबेर खान, जिनका 14 सितम्बर को देहान्त हुआ है, के घर गए तथा परिजनों को ढांढस बंधाया।

■ मुख्यमंत्री पूर्व केन्द्रीय मंत्री रोहिताश शर्मा के घर भी गए तथा उनके पुत्र के निधन पर शोक संतप्त परिवार से संवेदना जताई।

अलवर, 16 सितम्बर (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आर.एस.एस. के कार्यालय "केशव कृपा" में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की।

मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रामगढ़ विधायक स्व. जुबेर खान के निवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके पुत्र आदिल खान एवं आर्यन खान व परिजनों को सांत्वना देकर ढांढस बंधाया। उल्लेखनीय है कि रामगढ़ विधायक स्व. जुबेर खान का लम्बी बीमारी के बाद शनिवार 14 सितंबर को प्रातः देहांत हो गया था।

इसके उपरान्त मुख्यमंत्री ने पूर्व कैबिनेट मंत्री रोहिताश शर्मा के निवास पर पहुंचकर उनके पुत्र स्व.विकेश कुमार शर्मा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संतप्त परिजनों को संवेदनाएं व्यक्त कर ढांढस बंधाया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हैलीपैड पर स्वागत के दौरान वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, विधायक डॉ. जसवंत यादव, महन्त बालकनाथ, रमेश खींची, देवीसिंह शेखावत एवं नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाणा, पूर्व विधायक जयराम जाटव, बनवारी लाल सिंघल व संजय नरूका, बन्नाराम मीणा, जय आहूजा, मोहित यादव, गोरधन सिंह सिसोदिया, मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, पं. जलेसिंह सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति मौजूद रहे।

# 'वर्तमान मोदी सरकार "यू-टर्न्स" की सरकार है'

## मोदी सरकार के सौ दिन पूरे होने पर कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने व्यंग्य कसा

■ "लेटरल एन्ट्री" वक्फ संशोधन विधेयक, प्रसारण विधेयक, नैशनल पैन्शन सिस्टम, जैसे कई उदाहरण हैं जब पिछले सौ दिनों में सरकार विधेयक/प्रोसेस शुरु कराकर पीछे हट गई।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 सितम्बर। कांग्रेस ने आज जोर देते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिनों में, देश की जनता से जुड़े मुद्दों का समाधान करने में हर मोर्चे पर बुरी तरह असफल रही है।

पार्टी मुख्यालय पर एक प्रैस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए, कांग्रेस के सोशल मीडिया की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, "आज नरेन्द्र मोदी सरकार के सौ दिन पूरे हुए हैं। यह राष्ट्र बहुत सारे मुद्दों का सामना कर रहा है। मोदी सरकार ने देश को हर मोर्चे पर बुरी तरह विफल कर दिया है।"

सत्तारूढ़ दल के 100 दिनों के काम-काज का हवाला देते हुए कहा, "यह सरकार यू-टर्न वाली सरकार रही है। सीधी भर्ती (लेटरल ऐन्ट्री) से लेकर, वक्फ (संशोधन) विधेयक, ब्रॉडकास्ट (सर्विस रेग्यूलेशन) बिल, इन्डैक्सेशन, एन.पी.एस. (नेशनल पेंशन सिस्टम) जिसकी वजह अब यू.पी.एस. (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) लाई गई है, तक कई फैसलों पर सरकार के कदम पीछे हटाए हैं। यू-टर्नों वाली सरकार रही है। यह यू-टर्न सरकार रही है।"

रेल-दुर्घटनाओं का जिक्र करते हुए श्रीनेत ने कहा, "वास्तविकता यह है कि इन दिनों में भारतीय रेलवे अपने सबसे खराब दौर में रही है। इन दिनों में 38 रेल-दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 21 मौतें बताई गई हैं।"

रेल मन्त्री अश्विनी वैष्णव पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, इस देश के रेल मन्त्री इन्हें छोटी-मोटी दुर्घटनाएं बता रहे हैं तथा लगातार रील्स बना रहे हैं।"

प्रधानमन्त्री मोदी पर हमला बोलते हुए, कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, "वास्तविकता यह है कि आपके कार्यकाल में बने हुए, आपके निर्देशन में बनाए हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर चाहे वे पुल हों, सड़कें हों, प्रतिमाएं हों या फिर हवाई अड्डे हों पूरी तरह से ढह गए हैं, ध्वस्त हो गए हैं।

नया संसद भवन, जो टपक रहा था, से लेकर अयोध्या के राम मन्दिर, जिसके गर्भगृह में पानी टपक रहा था, तक, मुम्बई में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा तक सबका यही हाल है। ...क्या यह सब भ्रष्टाचार का सबूत नहीं हैं, तो और क्या है?"

## ममता बनर्जी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अफसरों को बलि का बकरा बनाया जा रहा है, जबकि इसमें उच्च अधिकारी लिप्त हैं, जिनकी मंजूरी के बिना कुछ नहीं हो सकता।

सवाल पूछा जा रहा है कि किसके निर्देश पर यह कार्यवाही की गई। सी.बी.आई. एक-एक सिरा जोड़कर आगे बढ़ रही है।

## 'मोदी सरकार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कि सरकार ने सबका प्रभावी विकास किया है। आज अनेक प्रोजेक्ट विकसित भारत के स्वप्न को साकार कर रहे हैं।

## तमिलनाडु के मु.मंत्री स्टालिन प्र.मंत्री...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भी प्रमाणित होती है कि दो प्रमुख द्रविड़ पार्टियाँ भाषा के मामले में एक साथ हैं। केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री इस बात पर जोर दे रहे हैं कि केन्द्रीय सहायता केवल उन्हीं राज्यो को दी जाएगी, जो शिक्षा-व्यवस्था के अन्तर्गत, हिन्दी के तीसरी भाषा रखने पर सहमत होंगे। शिक्षा मन्त्री द्वारा इस बिन्दु पर जोर देने से राज्य में चिन्ता पैदा हो गई है तथा मुख्यमन्त्री इस सुझाव को दरकिनार करने के लिए दृढ़निश्चयी प्रतीत हो रहे हैं।

निवेश हासिल करने के उद्देश्य की गई एक पखवाड़े की अमेरिका यात्रा से वापस आते ही, मुख्यमंत्री ने एक बयान मे शनिवार को कहा कि वे जल्दी ही प्रधानमंत्री से भेंट करेंगे।

जिस दूसरे मुद्दे को लेकर राज्य एवं मुख्यमंत्री स्टालिन चिन्तित हैं, वह है चेन्नई के मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए वित्तीय सहयोग। तथ्य यह है कि इस मामले में राज्य के दावो तथा केन्द्र की वस्तुस्थिति-सम्बन्धी समझ मे भिन्नता है तथा मुख्यमंत्री जल्दी से जल्दी इस अन्तर का समाधान निकालना चाहते हैं, जिससे तमिलनाडु को भी चेन्नई शहर में अत्यावश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिये वित्तीय सहायता मिले। इस सन्दर्भ में, मुख्य मुद्दा सी.एम.आर.एल. के दूसरे चरण के लिये फन्डिंग का है। जैसा कि तमिलनाडु के वित्तमन्त्री थंगम थेन्नारासू ने हाल ही में कहा कि राज्य इस प्रोजेक्ट पर 18,000 करोड़ रुपये से ज्यादा राशि खर्च कर चुका है, लेकिन केन्द्रीय वित्त मन्त्री निर्मला सीतारमण ने इस राशि को अमान्य करते दिए गए 21,000 करोड़ रुपये के ऋण में से केवल 5,880 करोड़ रुपये ही काम में लिये हैं। मुख्यमंत्री केन्द्र सरकार से वित्तीय सहायता माँग रहे हैं जिससे मेट्रो प्रोजेक्ट एक्स्टेंशन का काम समय पर पूरा हो जाये। लेकिन बात केवल इन दो मुद्दों तक सीमित नहीं रहेगी, प्रधानमंत्री के साथ होने वाली मीटिंग में, स्टालि, इन दोनों बिन्दुओं के बाद, संघवाद तथा स्वायत्तता पर पहुँचेगे तथा ये दोनों बिन्दु राष्ट्रीय बहस के विषय बनेंगे। स्टालिन स्वयं को तमिलनाडु के हितों के इकलोते संरक्षक के रूप में पहले ही स्थापित कर चुके हैं तथा केन्द्र सरकार की उन नीतियों को पुरजोर विरोध करते रहे हैं, जिनके बारे में वे ऐसा मानते हैं कि ये नीतियाँ तमिलनाडु की अद्वितीय संस्कृति तथा राजनैतिक पहचान को प्रभावित कर सकती हैं। तमिलनाडु तथा विपक्ष शासित अन्य राज्य निर्णय लेने के मामले में ज्यादा स्वायत्तता चाहते हैं।

# पीएम मोदी ने देश की पहली वंदे मेट्रो को हरी झंडी दिखाई

■ यह ट्रेन गुजरात में भुज से अहमदाबाद के बीच चलाई जा रही है।

नयी दिल्ली, 16 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भुज से अहमदाबाद तक देश की पहली वंदे मेट्रो को हरी झंडी दिखाई है। वंदे मेट्रो को "नमो भारत रैपिड रेल" नाम भी दिया गया है। पी.एम. मोदी ने आज ही कई वंदे भारत ट्रेनों कोभी हरी झंडी दिखाई है। सोमवार को नागपुर से सिकंदराबाद, कोल्हापुर से पुणे, आगरा कैंट से बनारस, दुर्ग से विशाखापत्तनम, पुणे से हुबली और वाराणसी से दिल्ली तक पहली 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेनों को शुरू किया गया है।

प्रधानमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, हर कोई गणेश उत्सव मना रहा है। आज मिलाद उन-नबी भी मनाया जा रहा है। देशभर में कई त्यौहार मनाए जा रहे हैं। उत्सव के इस दौर में विकास का जश्न भी जारी है। आज यहां 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। आज नमो भारत रैपिड रेल का भी उद्घाटन किया गया है।

इसके पहले पी.एम. मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद मेट्रो रेल एक्सटेंशन के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। मेट्रो रेल नेटवर्क का दूसरा चरण गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन गुजरात सरकार और केन्द्र सरकार के सहयोग से विकसित किया गया है।

## कर्नाटक में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वाला कानून यहां भी लगाया जाए।

लेकिन फिल्म उद्योग के सूत्रों ने बताया कि फिल्म उद्योग इस मसले पर बटां हुआ है। एक गुट का कहना है कि फिल्म उद्योग इस मसले को खुद हल कर सकता है। सरकार को बीच में आने की जरूरत नहीं है। फिल्म उद्योग के प्रतिनिधियों ने राज्य के गृह मंत्री से भी मुलाकात की और फिल्म उद्योग के महिला की सुरक्षा को मद्देनज़र काम करने लायक माहौल सुधारा जाए।

आज की मीटिंग में कन्नड़ सुपर स्टार सुदीप, संजना गलरानी, कविता लंकेश और दिव्या सपादना भी मौजूद थे। उन्होंने अपना पक्ष भी रखा और सारे मामले को देखने के लिए उच्चस्तरीय कमेटी बनाने की मांग की तथा महिला सुरक्षा के हित ने इण्डस्ट्री का कामकाज सुधारने के लिए गाइडलाइन्स बनाने की मांग की।

# 'एक-एक अपराधी को पकड़कर कानून के हवाले करेंगे'

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल हादसों में साजिश की चर्चा पर कठोर टिप्पणी की

■ रेल मंत्री ने कहा, मैं चेतावनी देता हूँ हम हर अपराधी को पकड़ेंगे, देश के दो करोड़ लोग जो प्रतिदिन रेल से यात्रा करते हैं, उनकी सुरक्षा के साथ किसी को भी खेलने नहीं देंगे।

नयी दिल्ली, 16 सितंबर। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल हादसों के पीछे साजिश की चर्चा के बीच आज रोष जताते हुए कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले एक एक अपराधी को पकड़ कर कानून के हवाले किया जाएगा।

वैष्णव ने रेल हादसों के पीछे साजिश होने को लेकर पहली बार ऐसी कठोर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने न्यूज 18 इंडिया के कॉन्क्लेव "चौपाल" में रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवालों के जवाब में कहा, "मैं उन्हें स्पष्ट रूप से चेतावनी देता हूं। हम ऐसा करने वाले एक-एक को पकड़ेंगे, एक-एक के पीछे जाएंगे। देश के जो दो करोड़ यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं, जिम्मेदारी के साथ उनकी सुरक्षा करेंगे। किसी को भी यात्रियों की सुरक्षा के साथ खेलने नहीं देंगे। हमें इतना चौकन्ना रहना है कि इस तरह के हर प्रयास को विफल कर सकें।"

उल्लेखनीय है कि इन दिनों रेलवे ट्रैक पर साजिश के तहत कई तरह की चीजें रखे जाने की रिपोर्टें आ रही हैं। इसे लेकर रेल मंत्री ने ऐसी साजिश रचने वालों को चेताया है।

वैष्णव ने कहा आज से दस साल पहले देश में हर साल 171 रेल दुर्घटनाएं होती थीं लेकिन आज यह आंकड़ा घट कर 40 तक आ गया है। उन्होंने कहा कि अभी भी दिन रात मेहनत करके ढांचागत बदलाव करने पर फोकस है जिससे कि दुर्घटनाओं की संख्या 40 से भी कम करें। आने वाले दिनों में हम और जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे। यात्रियों की सुरक्षा को और सुनिश्चित करेंगे।

# नेवी कमांडर्स का सम्मेलन आज से

■ केन्द्रीय रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे तथा कमांडर्स को संबोधित करेंगे।

नयी दिल्ली, 16 सितम्बर। नौसेना के शीर्ष कमांडरों का चार दिन का सम्मेलन कल से यहां शुरू होगा जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष संबोधित करेंगे तथा अनेक वरिष्ठ अधिकारी भविष्य की रणनीति पर गहन विचार विमर्श करेंगे।

नौसेना के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा संस्करण 17 से 20 सितंबर तक राजधानी में होगा। सम्मेलन में महत्वपूर्ण रणनीतिक, संचालन और प्रशासनिक मुद्दों पर गहन मंथन किया जायेगा। पश्चिम एशिया में उभरती भू-राजनीतिक और भू-रणनीतिक गतिशीलता, क्षेत्रीय चुनौतियों तथा समुद्री सुरक्षा स्थिति की जटिलता की पृष्ठभूमि में आयोजित यह सम्मेलन नौसेना की भविष्य की रणनीति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

प्रवक्ता ने बताया कि सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय अपेक्षाओं से संबंधित मामलों पर नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे।

# बांग्लादेश को 200 एकड़ जमीन लौटाई जाएगी

## सीमा सुरक्षा बल और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के बीच हुई बैठक में फैसला लिया गया

■ बांग्लादेश की 200 एकड़ जमीन नदी के कटाव के कारण भारत में चली गई थी इसके अलावा भारत की 40 एकड़ जमीन बांग्लादेश में चली गई थी।

ढाका, 16 सितंबर। बॉर्डर गार्ड बंगलादेश (बी.जी.बी.) और भारत के सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) की बैठक में 200 एकड़ भूमि बंगलादेश को लौटाने का निर्णय लिया गया, जो पहले नदी के कटाव के कारण भारत में चली गयी थी। रिपोर्ट के मुताबिक बी.जी.बी. और बी.एस.एफ. के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच रविवार को हुई बैठक में विवादित भूमि का फिर से सर्वेक्षण करने और इसे सही मालिकों को लौटाने का संयुक्त निर्णय लिया गया।

दौलतपुर उपजिला में रामकृष्णपुर संघ के चालिशपारा क्षेत्र में स्थित विवादित भूमि पद्मा नदी के मार्ग में बदलाव और प्राकृतिक आपदाओं के कारण विवाद में रही है, जिसने तीन किलोमीटर के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सीमा स्तंभों को अव्यवस्थित कर दिया है। इस साल की शुरुआत में किये गये सर्वेक्षण में यह मामला सामने आया था।

बी.जी.बी. की 47वीं बटालियन के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल एम. महबूब मुर्शेद रहमान ने मामले की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि गत 10 फरवरी को सर्वेक्षण के दौरान पता चला कि, लगभग 200 एकड़ बंगलादेश की भूमि भारतीय क्षेत्र में तथा करीब 40 एकड़ भारतीय भूमि बंगलादेश क्षेत्र में चली गई है। दोनों देश अब अक्टूबर में आधिकारिक रूप से सीमाओं को सही करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विवादित भूमि का पुनः सर्वेक्षण करने तथा उसे उसके वास्तविक मालिकों को लौटाने पर सहमति बनी है।

बैठक में सीमा पर हत्याओं को रोकने तथा मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने जैसे व्यापक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बंगलादेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल रहमान ने किया, जबकि रोशनबाग बटालियन के कमांडेंट विक्रम देव सिंह ने बी.एस.एफ. का प्रतिनिधित्व किया।

लेफ्टिनेंट कर्नल रहमान ने जोर दिया कि जब तक पुनः सर्वेक्षण पूरा नहीं हो जाता, तब तक किसी को भी विवादित भूमि का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। उन्होंने सीमा पर हाल ही में हुई हत्याओं के खिलाफ बंगलादेश का कड़ा विरोध भी जताया और बीएसएफ से निर्दोष नागरिकों को हिरासत में लेने से बचने तथा विशेष रूप से दुर्गा पूजा से पहले अवैध सीमा पार गतिविधियों को रोकने का आग्रह किया।

## चार बांग्लादेशी भारत में घुसने की कोशिश में गिरफ्तार

ढाका, 16 सितंबर। बंगलादेश के पत्रकार मोजम्मिल बाबू और श्यामल दत्ता समेत चार लोगों को मैमनसिंह में धोबौरा सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के प्रयास में हिरासत में लिया गया है।

मीडिया रिपोर्टों में सोमवार को यह जानकारी दी गयी। स्थानीय अखबार "द डेली स्टार" ने धोबौरा थाने के प्रभारी अधिकारी मोहम्मद चान मिया के हवाले से बताया कि स्थानीय लोगों ने सुबह धोबौरा-पुरबधाला सीमा क्षेत्र से चार लोगों और एक निजी कार को पकड़ लिया।

रिपोर्ट के अनुसार बाबू एकटोर टीवी के प्रबंध निदेशक एवं प्रधान संपादक हैं और दत्ता जटिया प्रेस क्लब के पूर्व महासचिव हैं।

# हिमाचल में लागू होगी बागवानी नीति

■ प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पहला राज्य होगा, जहां बागवानी नीति लागू की जाएगी।

शिमला, 16 सितंबर। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को यहां बागवानी विभाग की एचपी शिवा परियोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश देश में बागवानी नीति लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा। इसका उद्देश्य राज्य में बागवानी उत्पादन को बढ़ाना और प्रदेश को फल राज्य बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1,292 करोड़ रुपये की यह परियोजना राज्य के सात जिलों में छह हजार हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करेगी। उन्होंने अंतर-फसलीय खेती पर बल देते हुए कहा कि दो चरणों में अमरूद, नींबू प्रजाति के फलों, अनार, ड्रैगन फ्रूट, जामुन तथा कटहल के पौधे रोपे जाएंगे।

उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि परियोजना में छोटे तथा सीमांत किसानों को शामिल किया जाए, ताकि उनकी आर्थिकी सुदृढ़ हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

## एक बार फिर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सर्विस" के एजेंट ने देखा कि लगभग 400 गज की दूरी पर झाड़ियों के बीच से एक राइफल की नाल दिख रही थी। पाम बीच काउंटी के शेरिफ रिक ब्रैडशॉ ने बताया कि एक एजेंट ने गोली चलाई जिसके बाद वहां मौजूद बंदूकधारी राइफल वहीं फेंककर एक एसयूवी में सवार होकर भाग गया। उन्होंने बताया कि राइफल के साथ दो बैकपैक, निशाना लगाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक दूरबीन और एक कैमरा भी मिला है। बाद में उस व्यक्ति को अधिकारियों ने पकड़ लिया। हमले के बाद पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि वह सुरक्षित और ठीक हैं। ट्रंप ने अपने समर्थकों को भेजे एक ईमेल में कहा, "मेरे आस-पास गोलीबारी की आवाजें आ रही थीं, लेकिन इससे पहले कि अफवाहें नियंत्रण से बाहर हो जाएं, मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैं सुरक्षित और ठीक हूं।

# हरियाणा: भाजपा ने बागियों को मनाने में पूरी ताकत झोंकी

## नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने बागियों के घर जाकर उन्हें मनाया

■ भाजपा के करीब 35 बागियों ने नामांकन भरा है और भाजपा अधिकांश बागियों को मनाने में कामयाबी रही है।

■ कांग्रेस ने भी अपने बागी प्रत्याशियों को मनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

नयी दिल्ली, 16 सितंबर। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आज नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन था और भाजपा ने बागियों को मनाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत भाजपा के तमाम दिग्गज नेता चुनावी मैदान में अपने रूठों को मनाने में जुटे रहे। टिकट वितरण के बाद भाजपा के करीब 35 बागियों ने निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए नामांकन किया है। इनमें से करीब एक दर्जन नेता ऐसे हैं, जो चुनावी नतीजों पर असर डाल सकते हैं। यही कारण था कि मुख्यमंत्री को ही उन्हें मनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज सबसे पहले सोनीपत में पूर्व मंत्री कविता जैन के घर गए। यहां से कविता जैन के पति राजीव जैन ने निर्दलीय नामांकन दाखिल किया था। राजीव जैन मुख्यमंत्री के मीडिया एडवाइज़र भी रह चुके हैं। यहां मुख्यमंत्री को कामयाबी मिली। वह राजीव जैन और कविता जैन दोनों को मनाने में कामयाब रहे।

सीएम सैनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव जैन और कविता जैन हमारी पार्टी का अहम हिस्सा हैं। राजीव जैन और कविता जैन के सम्मान में कमी नहीं आने दी जाएगी।

इसके साथ ही महेंद्रगढ़ जिले में भाजपा का टिकट कटने के बाद नारनौल सीट से भाजपा नेत्री भारती सैनी ने निर्दलीय नामांकन किया था। रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नारनौल पहुंचे। सैनी ने भारती सैनी और सैनी सभा के पदाधिकारियों से मीटिंग कर नामांकन वापस करवाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे तक चली मीटिंग के बाद नायब सिंह सैनी बाहर निकले, लेकिन मीडिया के सवालों का उन्होंने जवाब नहीं दिया और गाड़ी में बैठकर निकल गए। भारती सैनी ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी और समाज का फैसला उनके लिए अंतिम है और वो अपना नामांकन वापस लेंगी।

इससे पहले, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामविलास शर्मा के घर गए। रामलाल शर्मा भी टिकट कटने से बेहद नाराज चल रहे हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि वह पार्टी नहीं छोड़ेंगे, लेकिन रामविलास शर्मा और उनके कार्यकर्ता अपनी, अनदेखी के कारण पार्टी से किनारा कर रहे हैं। इसे भांपते हुए सीएम सैनी ने खुद मोर्चा संभाला।

इसके अलावा, इंद्री विधानसभा सीट से लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के उम्मीदवार पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। सैनी ने कहा कि समाज के लोगों के कहने पर यह फैसला लिया गया है।

महेंद्रगढ़ जिले की नांगल चौधरी विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार सतीश सैनी ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार अभय सिंह यादव को समर्थन दिया है।

महेंद्रगढ़ जिले की अटेली विधानसभा सीट पर कांग्रेस के बागी हेमंत शर्मा ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। उन्होंने यहां भाजपा उम्मीदवार आरती राव को समर्थन दिया है। भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बिप्लब देब रणधीर कापड़ीवास (रेवाड़ी), संतोष यादव (अटेली) और शशि रंजन परमार (तोशाम) से मुलाकात की और तीनों नेताओं से नामांकन वापस लेने का आग्रह किया।

दूसरी तरफ कांग्रेस को भी उम्मीद है कि कई बागी नेता मान जाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, नलवा से वरिष्ठ नेता संपत सिंह, हांसी से प्रेम सिंह मलिक और अंबाला से जसबीर मलौर के पीछे हटने की संभावना है। कुछ अन्य के साथ बातचीत अभी भी जारी है।

## राजू ठेहट...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हत्याकांड में लिप्त नहीं माना जा सकता। प्रकरण में ट्रायल पूरा होने में लंबा समय लगने की संभावना है। इसके अलावा उसे करीब एक साल दस माह से किशोर गृह में रखा गया है। ऐसे में उसे जमानत का लाभ दिया जाना चाहिए। मामले की सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने अपीलार्थी को जमानत का लाभ दिया है।

गौरतलब है कि 3 दिसंबर, 2022 को चार बदमाशों ने राजू ठेहट की उसके सीकर स्थित घर के बाहर गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। घटना के अगले ही दिन पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था। बाद में अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल सीकर की अदालत में करीब 27 आरोपियों के खिलाफ ट्रायल चल रहा है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908